दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। शुक्रवार 19 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 270 पेज-09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# देश और प्रदेश के विकास के विजन को बताने सीएम योगी आदित्यनाथ आज रहेंगे गाजियाबाद

## दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके अलाव भारत वर्ष की स्वर्णा:भा नरेंद्र पुस्तक का विमोचन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुंचेंगे। वह यहां लगभग साढ़े तीन बजे पहुंचेंगे और लगभग एक घंटे तक यहां मौजूद रहेंगे। इस दौरान वह कार्यकताओं को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वह हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेंगे और फिर लखनऊ के लिये रवाना होंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारियां की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम तथा आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे। वो कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। यहां पर मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा गाजियाबाद के पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर द्वारा लिखी पुस्तक का भी विमोचन होगा। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित है।

# मुख्यमंत्री के दौरे पर गाजियाबाद में कड़ी सुरक्षा

## सात थानाक्षेत्रों में नो-ड्रोन जोन लागू




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को थाना सिहानी गेट क्षेत्र स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के आगमन से पहले गाज़ियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने सुरक्षा व्यवस्था सख़्त कर दी है। किसी भी संभावित आतंकी, उग्रवादी या राष्ट्रविरोधी खतरे को देखते हुए सात थाना क्षेत्रों को अस्थायी नो-ड्रोन/रेड जोन घोषित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं यातायात) द्वारा 18 सितंबर को जारी आदेश के तहत थाना क्षेत्र कवि नगर, मधुबन बापूधाम , सिहानी गेट, नंदग्राम, साहिबाबाद, इन्दिरापुरम और कौशांबी में ड्रोन, यूएवी ,पैराग्लाइडर, हॉट-एयर बैलून व अन्य उड़ने वाले उपकरणों की उड़ान पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

### ड्रोन से फोटोग्राफी रहेगी प्रतिबंधित

करंट क्राइम : आदेश के मुताबिक यदि कार्यक्रम आयोजक, मीडिया प्रतिनिधि या कोई अन्य व्यक्ति ड्रोन से फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करना चाहता है तो उसे पहले स्थानीय थाने को सूचना देनी होगी और अनुमति केवल संबंधित पुलिस उपायुक्त से मंजूरी मिलने पर ही दी जाएगी। बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने साफ कहा है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में सेंध लगाने की किसी भी संभावना को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। आम जनता और मीडिया से अपील है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# पुलिस लाइन से लेकर कार्यक्रम स्थल तक रहेगी ट्रिपल लेयर सुरक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गाजियाबाद में रहेंगे। उनका आगमन पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में होगा। आगमन से पहले भाजपा नेताओं के साथ बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया। मुख्यमंत्री आगमन के बाद सीधे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुंचेंगे, जहाँ वे पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर की नई पुस्तक का विमोचन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारी और राजनीतिक हस्तियां भी उपस्थित रहेंगी।

### नगर निगम ने की तैयारियाँ और शहर में की सजावट

करंट क्राइम। नगर निगम ने शहर को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाने के लिए व्यापक तैयारियाँ की हैं। प्रमुख मार्गों और कार्यक्रम स्थल पर सफाई, गड्ढों की भराई, लाइटिंग, हरियाली और फुलवारी की व्यवस्था की गई है। पुलिस लाइन से लेकर नेहरू नगर तक मार्ग में पेड़-पौधे लगाए गए, रंगाई-पुताई की गई और गंदगी हटाई गई। नगर निगम ने सुनिश्चित किया है कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान शहर हर दृष्टि से व्यवस्थित और सुंदर दिखाई दे।

### सुरक्षा रहेगी ट्रिपल लेयर : सीपी



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने विस्तृत तैयारी की है ।कार्यक्रम में ट्रिपल लेयर सुरक्षा लागू रहेगी, जिसमें कमांडो, एनएसजी, एटीएस और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लगभग 1400 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सुरक्षा में आईपीएस अधिकारी, एसीपी, थाना प्रभारी, और ट्रैफिक पुलिस की बड़ी संख्या शामिल है। अलग-अलग स्थानों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है ताकि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटा जा सके।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों के रक्षक : राहुल गांधी




**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'ज्ञानेश कुमार जी वोट-चोरों की रक्षा कर रहे हैं। इस बात का लिखित और पुख्ता सबूत है। इसमें कोई भ्रम नहीं है।' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों' और लोकतंत्र को बर्बाद करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग को इसे रोकना चाहिए और कर्नाटक सीआईडी की ओर से मतदाता सूची से नाम हटाने की जांच में मांगी गई जानकारी एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध करानी चाहिए।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज उनके खुलासे इस देश के युवाओं को यह दिखाने में एक और मील का पत्थर हैं कि चुनावों में कैसे धांधली की जा रही है। उन्होंने शुरू में ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि ये खुलासों का वह 'हाइड्रोजन बम' नहीं है, जिसका उन्होंने वादा किया था और ये जल्द ही सामने आएगा।

राहुल ने कहा, 'आइए जानते हैं कि मैं ज्ञानेश कुमार पर इतना सीधा आरोप क्यों लगा रहा हूं। कर्नाटक में इस मामले की जांच चल रही है। कर्नाटक की उक्छने चुनाव आयोग को 18 महीनों में 18 पत्र भेजे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से कुछ बहुत ही सरल तथ्य मांगे हैं। पहला- हमें वह डेस्टिनेशन क्ढ बताएं, जहां से ये फॉर्म भरे गए थे।

दूसरा- हमें वह डिवाइस डेस्टिनेशन पोर्ट बताएं, जहां से ये आवेदन दाखिल किए गए थे। तीसरा- सबसे महत्वपूर्ण बात हमें डळ्ढ ट्रेल्स बताएं, क्योंकि जब आप आवेदन दाखिल करते हैं, तो आपको डळ्ढ प्राप्त करना होता है।

18 महीनों में 18 बार कर्नाटक ने इसके लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा। वे इसे नहीं दे रहे हैं। वे इसे क्यों नहीं दे रहे हैं? क्योंकि इससे हमें पता चल जाएगा कि ऑपरेशन कहां किया जा रहा है।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह होंगे गाजियाबाद रामलीला महोत्सव 2025 के मुख्य अतिथि

## सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों ने दिया निमंत्रण







**नई दिल्ली/गाज़ियाबाद।** गाज़ियाबाद की सियासत और संस्कृति का संगम इस बार रामलीला मंचन में देखने को मिलेगा। श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने सोमवार को सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली स्थित उनके आवास पर भेंट की और उन्हें रामलीला महोत्सव 2025 में मुख्य अतिथि बनने का निमंत्रण सौंपा।

राजनाथ सिंह ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए गाज़ियाबाद से अपने पुराने जुड़ाव का ज़िक्र किया और महोत्सव में आने की सहमति दी। उनके इस निर्णय से समिति के पदाधिकारियों और शहरवासियों में उत्साह की लहर है।

प्रतिनिधिमंडल में समिति अध्यक्ष अजय बंसल, खलीफा ज्ञान प्रकाश गोयल, खलीफा व सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले), महामंत्री नरेश अग्रवाल (प्रधान जी) और वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल शामिल रहे।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले भी समिति पदाधिकारियों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर आमंत्रण दिया था। तब उन्होंने सांसद अतुल गर्ग से चर्चा का सुझाव दिया था। उसी क्रम में आज भेंटवार्ता हुई और निमंत्रण को अंतिम रूप मिला। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि रक्षा मंत्री की मौजूदगी से रामलीला महोत्सव की गरिमा और अधिक बढ़ेगी और मंचन को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होंगी।

# 38 करोड़ की लागत से होंगे 24 विकास कार्य, गाजियाबाद को मिलेगा नया लुक

## शहर की उपेक्षित सड़कों और कॉलोनियों को अब नया रूप मिलेगा : महापौर सुनीता दयाल




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाज़ियाबाद में 15वें वित्त आयोग की धनराशि से 38 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को हरी झंडी मिल गई है।

महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर की उपेक्षित सड़कों और कॉलोनियों को अब नया रूप मिलेगा। निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही इन कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा।

महापौर ने कहा कि जलभराव, गड्ढों और टूटी सड़कों से लोग लंबे समय से परेशान थे। अब इन 24 विकास कार्यों से नागरिकों को सीधे राहत मिलेगी।

इंदिरापुरम के अंतिम संस्कार स्थल पर गैसीफायर की स्थापना भी होगी ताकि प्रदूषण नियंत्रित रहे और संस्कार विधिवत हो सकें। नगर आयुक्त भी इन कार्यों की समय-समय पर समीक्षा करेंगे ताकि गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

## विकास कार्य कहां होंगे, कितना खर्च और क्या फायदा




**इंदिरापुरम (श्मशान घाट)**
-गैसीफायर स्थापना - 2.30 करोड़ रुपए
प्रदूषण कम होगा, अंतिम संस्कार की आधुनिक सुविधा।

**वार्ड 19 (पटेलनगर -आर.के. स्टील तक)**
-सड़क सुधार : 84 लाख रुपए
गड्ढों और जलभराव से राहत।

**हिण्डन विहार (मेट्रो, गार्बेज फैक्ट्री)**
- सीसी रोड 2.70 करोड़ रुपए
यात्रियों को साफ और पक्का मार्ग।

**वार्ड 56 (चिरंजीव विहार)**
-सड़क सुधार 2.04 करोड़ रुपए
छात्रों और श्रद्धालुओं को सुगमता।

**वार्ड 91 (कविनगर आई-ब्लॉक)**
-आंतरिक सड़कें : 52 लाख रुपए
मोहल्ले की टूटी गलियों का कायाकल्प।

**वार्ड 42 (मानसरोवर पार्क)**
- सड़क सुधार : 2.61 करोड़ रुपए
बाजार में भीड़ और धूल से राहत।

**कविनगर (आरडीसी फ्लाईओवर)**
-सड़क सुधार : 86 लाख रुपए
व्यस्त मार्ग पर जाम और गड्ढे की समस्या खत्म।

**वार्ड 30 (बालाजी एन्क्लेव, कृष्णा गार्डन)**
-सड़क सुधार : 1.22 करोड़ रुपए
कॉलोनीवासियों को सुगम रास्ता।

**वार्ड 35 (अकबरपुर बहरामपुर)**
-सड़क व पटरी : 82 लाख रुपए
गांववासियों को पक्की सड़क व पैदल पटरी।

**विजयनगर (सीएसएचपी स्कूल : कृष्णा अपार्टमेंट)**
-सड़क सुधार : 1.24 करोड़ रुपए
विद्यार्थियों और निवासियों को राहत।

**वसुंधरा (जोनल ऑफिस : एटलांटा अस्पताल रोड)**
- सड़क निर्माण : 1.78 करोड़ रुपए
अस्पताल आने-जाने वालों को सुविधा।

**वार्ड 94 (सूर्यनगर)**
-सड़क व टाइल्स : 80 लाख रुपए
बॉर्डर क्षेत्र की सड़कें सुधरेंगी।

**वार्ड 97 (रामप्रस्था सी-ब्लॉक)**
-सड़क सुधार : 1.04 करोड़ रुपए
दिल्ली बॉर्डर तक आसान कनेक्टिविटी।

**वार्ड 57 (मकनपुर गाँव)**
- सीसी रोड : 93 लाख रुपए
ग्रामीण क्षेत्र की मुख्य सड़क पक्की।

**वार्ड 90 (शहीदनगर तृतीय)**
- सड़क व गलियाँ : 2.14 करोड़ रुपए
भीड़भाड़ वाले इलाके में राहत।

**वार्ड 28 (मोहन नगर, राजीव कॉलोनी)**
-सड़क सुधार : 4.86 करोड़ रुपए
मंदिर और अस्पताल मार्ग सुरक्षित व चौड़े।

**वार्ड 82 (जवाहर पार्क)**
-सड़क निर्माण : 3.14 करोड़ रुपए
घनी आबादी में नई सड़कें।

**वार्ड 10 (मोहन नगर जोन)**
- साइड पटरी टाइल्स : 79 लाख रुपए
पैदल यात्रियों को सुविधा।

**वार्ड 83 (राजेंद्र नगर)**
- सड़क सुधार : 1.50 करोड़ रुपए
रिहायशी इलाकों में गड्ढा-मुक्त सड़कें।

**वार्ड 20 (भौपुरा, राजीव कॉलोनी)**
- सोम बाजार रोड : 99 लाख रुपए
मुख्य बाजार क्षेत्र में आरामदायक सफर।

**मोहन नगर (जिंदल रोड)**
-सड़क सुधार : 2.24 करोड़ रुपए
औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें मजबूत।

**वार्ड 27 (डूढाहेड़ा)**
- सीसी रोड : 1.65 करोड़ रुपए
गांव की मुख्य सड़क पक्की होगी।

**वार्ड 70 (जनकपुरी, श्याम इन्क्लेव)**
सड़क सुधार : 1.33 करोड़ रुपए
मोहल्लों में सुगम आवागमन।

# राहुल का सीईसी पर बड़ा आरोप बोले

## 'ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को बचा रहे, सबूतों पर कोई भ्रम नहीं'



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'ज्ञानेश कुमार जी वोट-चोरों की रक्षा कर रहे हैं। इस बात का लिखित और पुख्ता सबूत है। इसमें कोई भ्रम नहीं है।' कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'वोट चोरों' और लोकतंत्र को बर्बाद करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग को इसे रोकना चाहिए और कर्नाटक सीआईडी की ओर से मतदाता सूची से नाम हटाने की जांच में मांगी गई जानकारी एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध करानी चाहिए।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज उनके खुलासे इस देश के युवाओं को यह दिखाने में एक और मील का पत्थर हैं कि चुनावों में कैसे धांधली की जा रही है। उन्होंने शुरू में ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि ये खुलासों का वह 'हाइड्रोजन बम' नहीं है, जिसका उन्होंने वादा किया था और ये जल्द ही सामने आएगा।

राहुल ने कहा, 'आइए जानते हैं कि मैं ज्ञानेश कुमार पर इतना सीधा आरोप क्यों लगा रहा हूं। कर्नाटक में इस मामले की जांच चल रही है। कर्नाटक की उक्कने चुनाव आयोग को 18 महीनों में 18 पत्र भेजे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से कुछ बहुत ही सरल तथ्य मांगे हैं। पहला- हमें वह डेस्टिनेशन क्ढ बताएं, जहां से ये फॉर्म भरे गए थे। दूसरा- हमें वह डिवाइस डेस्टिनेशन पोर्ट बताएं, जहां से ये आवेदन दाखिल किए गए थे। तीसरा- सबसे महत्वपूर्ण बात हमें डळढ ट्रेल्स बताएं, क्योंकि जब आप आवेदन दाखिल करते हैं, तो आपको डळढ प्राप्त करना होता है। 18 महीनों में 18 बार कर्नाटक की उक्कने इसके लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा। वे इसे नहीं दे रहे हैं। वे इसे क्यों नहीं दे रहे हैं? क्योंकि इससे हमें पता चल जाएगा कि ऑपरेशन कहां किया जा रहा है। हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि यह कहां जाएगा।'

'लाखों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए व्यवस्थित रूप से निशाना बना रहा' उन्होंने दावा किया कि कोई व्यक्ति पूरे भारत में लाखों मतदाताओं के नाम हटाने के लिए व्यवस्थित रूप से निशाना बना रहा है। मैं विपक्ष का नेता हूं और मैं ऐसा कुछ नहीं कहूंगा जिसके 100 प्रतिशत प्रमाण न हों।

### अलंद निर्वाचन क्षेत्र से वोट हटाने के कथित प्रयासों का विवरण

राहुल गांधी ने 2023 में कर्नाटक के अलंद निर्वाचन क्षेत्र से वोट हटाने के कथित प्रयासों का विवरण दिया। उन्होंने महाराष्ट्र के राजुरा निर्वाचन क्षेत्र का भी उदाहरण दिया, जहां उन्होंने दावा किया कि स्वचालित सॉफ्टवेयर का उपयोग करके धोखाधड़ी से मतदाताओं को जोड़ा गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया, 'मैं ज्ञानेश कुमार के बारे में एक गंभीर दावा करने जा रहा हूं। मैं इसे हल्के में नहीं कह रहा। मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरों और भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचा रहे हैं।'

### 'सीआईडी ने 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 पत्र भेजे'

कर्नाटक में चल रही जांच का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि सीआईडी ने 18 महीनों में चुनाव आयोग को 18 पत्र भेजे हैं और कुछ बहुत ही सरल तथ्य मांगे हैं, जैसे कि वह गंतव्य आईपी पता, जहां से ये आवेदन भरे गए थे और ओटीपी ट्रेल्स। उन्होंने दावा किया कि वे इसे इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि इससे हमें पता चल जाएगा कि यह ऑपरेशन कहां चलाया जा रहा है। उन्होंने ज्ञानेश कुमार पर ऐसा करने वालों को बचाने का आरोप लगाया।

# 'राहुल गांधी के हिट एंड रन केस बहुत हैं...'

## वोट चोरी के आरोपों पर अनुराग ठाकुर का पलटवार



**नई दिल्ली।** राहुल ने कहा कि कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में किसी ने 6018 वोटों को डिलीट करने की कोशिश की. हमें नहीं पता कि 2023 चुनाव में कुल कितने वोट डिलीट किए गए. ये 6028 वोटों से ज्यादा हैं लेकिन कोई इन 6018 वोटों को डिलीट करते हुए पकड़ा गया और यह संयोग से पकड़ा गया।
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी को लेकर चुनाव आयोग पर बेहद गंभीर आरोप लगाए. इन आरोपों को सत्तारूढ़ बीजेपी ने सिरे से खारिज कर ड्रामा करार दिया।

बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी की झूठ बोलने की आदत हो गई है. उनके हिट एंड रिन केसेज बहुत हैं. वह हाइड्रोजन बम की बात कर रहे थे लेकिन ये तो फुलझड़ी निकली और वो भी फुस्स।

उन्होंने कहा कि वह चुनाव दर चुनाव हार रहे हैं और जनता द्वारा नकारे जा रहे हैं. इस वजह से उनकी हताशा बढ़ती जा रही है. वह गलत और निराधार आरोप लगा रहे हैं. रिकॉर्ड्स बताते हैं कि कर्नाटक की आलंद विधानसभा से कांग्रेस का ही कैंडीडेट जीता था. इस तरह राहुल ने हाइड्रोजन बम अपने ही ऊपर फोड़ लिया है। ठाकुर ने कहा कि क्या कांग्रेस ने वोट चोरी की थी क्योंकि जीता तो कांग्रेस का प्रत्याशी था उस जगह से. कांग्रेस पार्टी ने इलेक्शन कमीशन का दुरुपयोग किया. राहुल गांधी का बार-बार प्रयास है कि इलेक्शन कमीशन को बदनाम किया है. देश में बांग्लादेश और नेपाल जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की है।

जब-जब ये कोर्ट जाते हैं, मुंह की खाते हैं इसलिए ये कोर्ट नहीं जाना चाहते. इनका काम सिर्फ ड्रामा करने है. ये धमाका करने आए थे लेकिन ड्रामा करके चले गए. इन्हें धमाका नहीं ड्रामा करना आता है. क्या घुसपैठियों का वोट बचाना एजेंडा है। कांग्रेस सिर्फ अराजकता फैलाना चाहती है. इनकी राजनीति घुसपैठिया बचाओ है।

बता दें कि राहुल गांधी ने गुरुवार को दावा किया कि कर्नाटक के आलंद में फेक लॉगइन का इस्तेमाल कर 6000 से ज्यादा वोट काटे गए. उन्होंने इस दौरान प्रेजेंटेश के दौरान वोट चोरी के आरोप और सबूत दिखा गए. राहुल ने इस दौरान ऐसे वोटर्स से भी मुखातिब किया, जिनके नाम वोटर्स लिस्ट से डिलीट किए गए.

# पीएम मोदी का उदाहरण देकर राहुल गांधी पर अमित शाह ने साधा निशाना



**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सासाराम की क्षेत्रीय बैठक में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से जनता तक इन्हें पहुंचाने का आह्वान किया। अपने भाषण में उन्होंने राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को 'घुसपैठिया बचाओ यात्रा' करार दिया।

सासाराम में क्षेत्रीय बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंच से केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। मंच पर उनके साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा नेता विनोद तावड़े, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, मंत्री संतोष कुमार सिंह और पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह मौजूद रहे।

अमित शाह ने राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हाल ही में बिहार यात्रा पर आए थे, लेकिन उनकी यात्रा का मकसद शिक्षा, रोजगार, बिजली या सड़क विकास नहीं था। शाह के मुताबिक, राहुल गांधी की यात्रा दरअसल घुसपैठिया बचाओ यात्रा थी। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, ह्लक्या घुसपैठियों को मुफ्त राशन, रोजगार, नौकरी, वोट का अधिकार और 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलना चाहिए?ह्व अमित शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी हमारे युवाओं के अधिकार छीनकर बांग्लादेश के घुसपैठियों को देना चाहते हैं। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू यादव अगर पूरी जिंदगी भी मुख्यमंत्री रहें तो भी उतना काम नहीं कर सकते, जितना एनडीए सरकार ने किया है। अमित शाह ने लालू शासन को घोटालों से जोड़ा और कहा कि चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला समेत कई भ्रष्टाचार मामलों से बिहार को पीछे धकेल दिया गया।

# यूपी सरकार ने किया 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

## कई जिलों के एसपी बदले




**लखनऊ।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पुलिस की एक और तबादला एक्सप्रेस चला दी। इस बार 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। पुलिस विभाग की ओर से जारी सूची में बताया गया कि 2012 के आईपीएस अधिकारी हेमराज मीना को एसएसपी आजमगढ से एसपी पुलिस मुख्यालय से संबंध कर दिया गया है। एसपी कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा को एसपी पुलिस मुख्यालय, एसपी सुरक्षा लखनउ जयप्रकाश सिंह को एसपी उन्नाव, एसएसपी अलीगढ संजीव सुमन को एसपी देवरिया, एसपी देवरिया विक्रांत वीर को एसपी पुलिस मुख्यालय से संबंध, एसपी हरदोई नीरज कुमार जादौन को एसएसपी अलीगढ, एसपी सोनभद्र अशोक कुमार मीना को एसपी हरदोई, एसपी रेलवे आगरा अभिषेक वर्मा को एसपी सोनभद्र, एसपी उन्नाव दीपक भूकर को एसपी प्रतापगढ, एसपी प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वितीय को एसएसपी आजमगढ, एसपी अंबेडकरनगर केशव कुमार को एसपी कुशीनगर, एसपी औरैया अभिजीत आर शंकर को एसपी अंबेडकरनगर, डीसीपी पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज अभिषेक भारती को एसपी औरैया, सेनानायक 04वीं वाहिनी प्रयागराज मनीष कुमार शांडिल्य को डीसीपी पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज, सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर सर्वेश कुमार मिश्रा को सेनानायक 04वीं वाहिनी प्रयागराज और एसपी बलिया अनिल कुमार झा को एसपी रेलवे आगरा पद पर ट्रांसफर किया गया है

# नवरात्र से अयोध्या की सड़कों पर दिखेंगी लंदन की डबल डेकर बसें

## एयरपोर्ट की तर्ज पर बनेगा बस अड्डा



**अयोध्या।** नवरात्र से लंदन से मंगाई गई डबल डेकर बसें अयोध्या की सड़कों पर दौड़ेंगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इन बसों की कीमत करीब तीन करोड़ है। अयोध्या का बस अड्डा एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। नवरात्र के मौके पर रामनगरी की सड़कों पर एक नया नजारा देखने को मिलेगा। लंदन से प्रेरित डबल डेकर बसें अयोध्या में दौड़ने लगेंगी। उत्तर प्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अपने अयोध्या दौरे के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन डबल डेकर बसों की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। यह न सिर्फ शहर की पहचान को नया आयाम देंगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी।

### एयरपोर्ट मॉडल पर बनेगा बस अड्डा

दयाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 23 बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। अयोध्या का बस अड्डा भी इन्हीं में शामिल है। जल्द ही यहां यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नई सौगात मिलेगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का बेड़ा 14,500 बसों का है। इनकी औसत आयु केवल 5.5 साल है। यह देश का सबसे आधुनिक बेड़ा माना जा सकता है।

### अटल सेवा सर्किट पर इलेक्ट्रिक बसें

इलेक्ट्रिक बसों को लेकर उन्होंने कहा कि अब ये सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रहेंगी। जल्द ही ये लखनऊ-अयोध्या, अयोध्या-गोरखपुर, अयोध्या-काशी और काशीझ्रप्रयागराज रूट पर ह्यअटल सेवा सर्किटह्ण के तहत चलाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ग्राम जोड़ो योजना के अंतर्गत 1,540 नई बसें चलाई जाएंगी। इससे 7,000 गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ा जाएगा। बच्चों और यात्रियों को समय पर यात्रा की सुविधा मिलेगी।

# चमोली को फिर जख्मः कुदरत का कहर घर बहे, लोग लापता, आंखों में खौफ



**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के चमोली के नंदानगर में बुधवार रात कुदरत का कहर टूटा। भीषण बारिश और बादल फटने से गांव तबाह हो गए। मकान मलबे में दब गए, लोग लापता हैं और आंखों में डर साफ नजर आता है। रेस्क्यू टीमें मलबे में जिंदगी तलाश रही हैं।

उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में बुधवार देर रात बादल फटने से भारी तबाही मच गई। एक ही रात में तीन गांवों में घर, गौशालाएं, और ज़िंदगियां मलबे में समा गईं। अब तक 12 लोगों के लापता होने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि करीब 30 से अधिक भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं। रेस्क्यू टीमें मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटी हैं।

200 से अधिक ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। घाट तहसील के नंदानगर क्षेत्र में बुधवार देर रात बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। आपदा में अब तक 12 लोगों के लापता होने की सूचना है। इसमें सबसे अधिक प्रभावित ग्राम कुंतरी लगा फाली है, जहां 8 लोग लापता हैं और 15 से 20 भवन व गौशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। रात तीन बजे के करीब भारी बारिश के बीच लोगों के घरों पर मलबा आ गिरा।

बचाव कार्यों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी (गौचर 8वीं वाहिनी), डीडीआरएफ और राजस्व विभाग की टीमें जुटी हैं। लेकिन सड़कों के जगह-जगह बंद होने और भूस्खलन के कारण टीमों को घटनास्थल पर पहुंचने में देरी हो रही है। अधिकतर टीमें अब पैदल मार्ग से मौके पर पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन से चमोली की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि लापता लोगों की खोज में कोई कोताही न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और सभी राहत शिविरों में रहने, खाने, इलाज और सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। घटना की सूचना मिलते ही सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीआईजी राजकुमार नेगी, और यूएसडीएमए के विशेषज्ञों ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से निगरानी शुरू कर दी है। सभी बचाव टीमें सक्रिय कर मौके पर भेजी गई हैं। कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में आज भी तेज बारिश के आसार हैं। हालांकि मैदानी इलाकों में राहत रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दून घाटी में आई आपदा में दूसरा सबसे बड़ा हादसा मालदेवता क्षेत्र के फुलेत गांव में हुआ है। यहां पर एक मकान के मलबे में सहारनपुर के छह लोगों के दबे होने की आशंका है।

### दो महिलाओं और एक बच्चे को मलबे से निकाला

दो महिलाओं और एक बच्चे को पुलिस व डीडीआरएफ की टीमों ने मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला। इन घायलों को नंदानगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। करीब 200 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं, ग्राम कुंतरी लगा सरपाणी में भी दो लोग लापता हैं और दो भवन ध्वस्त हुए हैं। यहां भी रेस्क्यू टीमों ने 100 ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला। ग्राम धुर्मा में मोक्ष नदी उफान पर आ गई, जिससे दो लोग लापता हैं और करीब 10 मकानों को नुकसान पहुंचा है।



# दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन ने एक शख्स को कुचला हुई मौत, थाना मंदिर मार्ग इलाके में हादसा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के थाना मंदिर मार्ग इलाके में गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन के ड्राइवर ने गलती से एक्सीलेटर दबा दिया, जिससे सड़क किनारे रैंप पर चढ़ते समय पीसीआर वैन एक व्यक्ति को कुचल गई, जिसकी मौत हो गई। फिलहाल, पुलिस मौके पर है और जानकारी जुटा रही है। दोनों पुलिस अधिकारियों, एएसआई और एक कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। एफआईआर दर्ज की जा रही है। दोनों पुलिसकर्मियों का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।

मृतक की पहचान गंगाराम तिवारी के रूप में हुई है। जो उत्तरप्रदेश के गोंडा के रहना वाले थे। मृतक दिव्यांग थे, जो लकड़ी के सहारे चलते थे। उनके परिवार में पत्नी और 6 बच्चे हैं जिनमें 4 लड़कियां और 2 लड़के हैं एक लड़का लड़की की शादी हुई है । यहां पर अपने एक बेटे के साथ रहते थे दोनों चाय बनाने का काम करते थे। गंगाराम अपनी दुकान पर सो रहे थे। आज सुबह पुलिस की गाड़ी उनकी चाय की दुकान में जा घुसी, जिस कारण उनकी वहीं पर मौत हो गई।

# जर्जर सड़कें.. थमा ट्रैफिक, 15 मिनट के सफर में लग रहे 40 मिनट, तस्वीरों में सिग्नल फ्री योजना का हाल



**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के भोपुरा से दिल्ली के वजीराबाद तक का रोड आज भी जाम की बड़ी वजह बना हुआ है। इस रोड पर कई बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं। 10 किमी के सफर को सिग्नल फ्री करने की योजना पर वर्षों से काम चल रहा है। वजीराबाद रोड पर बना सिग्नेचर ब्रिज जितना शानदार अनुभव कराता है, उतना ही कहीं ज्यादा बुरा अनुभव कराता है इस रोड पर सफर करना। गाजियाबाद के भोपुरा से वजीराबाद रोड से आवाजाही करना जाम की वजह से चुनौती बना हुआ है। लगभग 10 किलोमीटर लंबे इस सफर को वैसे बिना किसी बाधा के 15 मिनट में पूरा किया जा सकता है लेकिन वर्तमान में 40 मिनट से ज्यादा का समय यहां लग रहा है। खास बात यह है कि व्यस्त समय में तो कई बार एक घंटा भी लग जाता है। अमर उजाला की टीम ने पूरे मार्ग का दौरा किया तो यातायात की व्यवस्था बदहाल मिली।

इस रोड को सिग्नल फ्री करने के लिए कई साल से काम चल रहा है। दो फ्लाईओवरों का निर्माण कार्य भी चल रहा है। हालांकि, इसमें कई तरह की अड़चनें हैं। ऐसे में 10 किमी का सफर कब सिग्नल फ्री होगा इसे लेकर वाहन चालकों में कई तरह के सवाल बने हुए हैं। यहां लगने वाले जाम से भजनपुरा मार्केट पार करने के बाद खजूरी चौक पर बने फ्लाइओवर पर पहुंचने के बाद ही राहत मिलती है। वजीराबाद रोड पर कई जगह भयंकर अतिक्रमण है। इस वजह से वजीराबाद रोड से सिग्नेचर ब्रिज तक आवाजाही करना मुश्किलों भरा है।

### नंद नगरी गगन सिनेमा के पास से बदहाल होती है ट्रैफिक व्यवस्था

अमर उजाला की टीम दोपहर 12:30 बजे भोपुरा बॉर्डर से चली और सिग्नेचर ब्रिज तक दोपहर 01:15 बजे पहुंची। भोपुरा बॉर्डर पर सड़क टूटी दिखी और जगह-जगह पानी भी भरा मिला। नंद नगरी गगन सिनेमा चौक के पास टूटी सड़क पर करीब 300 मीटर तक जल जमाव दिखा। आगे अशोक नगर बस स्टॉप पर सड़क टूटी दिखी और बारिश के बावजूद भी धूल उड़ती रही।

### सिग्नेचर ब्रिज पार करते ही शुरू हो जाता है जाम

आउटर रिंग रोड या कश्मीरी गेट की तरफ से आने वाला वाहन जैसे ही सिग्नेचर ब्रिज पार करता है और भजनपुरा फ्लाईओवर पार करते ही जाम में फंस जाता है। यहां सर्विस रोड से लेकर मुख्य रोड तक अतिक्रमण कर शिकार है। साथ ही डबल डेकर फ्लाईओवर के निर्माण के कारण रोड पर लगभग दो किलोमीटर का हिस्सा प्रभावित है।

# 'सभी धर्मों का सम्मान करता हूं'; मंदिर मामले में बयान के विरोध पर सुप्रीम कोर्ट चीफ जस्टिस का जवाब



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने 16 मई को मध्य प्रदेश में यूनेस्को विश्व धरोहर खजुराहो मंदिर परिसर के हिस्से जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट की मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापित करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था। सीजेआई ने कुछ बयान भी दिए थे। खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित करने वाली याचिका खारिज करने और सुनवाई के दौरान दिए गए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती राजबाला पत्नी श्री लोकेश निवासी-खसरा नं0-204मि०, सरस्वती विहार, ग्राम धरौटी खुर्द, लोनी जिला गाजियाबाद, उक्त मकान को मुझ शपथकर्ती ने बतौर बैनामा से खरीद/क्रय कर लिया है ,अब में ही वर्तमान मालिक काबिज व स्वामी हूँ।

उपरोक्त मकान पर लगे गृहकर में से श्री दीनदयाल पुत्र श्री डूंगर का नाम के स्थान पर मुझ शपथकर्ती श्रीमती राजबाला पत्नी श्री लोकेश के नाम ट्रांसफर कर दिया जाये।

उपरोक्त मकान में लगे ग्रहकर के बाबत यदि कोई वाद विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदार मुझ शपथकर्ती स्वयं की होगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 19 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# किस विधानसभा से तलाशेंगे इस बार सिकंदर अपना पॉलिटिकल मुकद्दर

## अभिषेक गर्ग-विशाल-सिंहराज के बाद चर्चा में आया सिकंदर यादव का नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में सभी लोग मेहनत करते हैं, सभी की इच्छा चुनाव लड़ने की होती है। राजनीति में मुकाम पाने का मतलब ही सदन में जाना होता है, चुनाव जीतना होता है। चुनाव की बात करें तो सियासत के खिलाड़ियों ने 2027 के लिये सियासत की पिच पर नेट प्रेक्टिस शुरू कर दी है। वो चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। इस कड़ी में सिकंदर यादव एक ऐसा नाम है जिन्हें सियासत में इग्नोर नहीं किया जा सकता। सिकंदर यादव राजनीतिक चिंतक है, कबीर पंथी हैं, विचारक हैं और सियासत के रण में उनका जाना पहचाना नाम है। एक दौर था जब सिकंदर यादव निर्दलीय उम्मीवार के रूप में मेयर चुनाव में सामने आए, ये उनका पहला चुनाव था।



उनके पास कोई दल नहीं था और वो अपने बल पर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े और लगभग 20 हजार वोट वो लेने में सफल रहे। इसके बाद सिकंदर यादव राजनीति में रहे, सामाजिक क्षेत्र में रहे, लेकिन चुनाव से दूर रहे। मेयर चुनाव में वो फिर सामने आए और इस बार उन्होंने बसपा के हाथी से उतरकर समाजवादी पार्टी की साइकिल पर पैडल मारना शुरू किया।

सिकंदर यादव मेयर चुनाव में आए और वो यहां वास्तव में टिकट वाली दौड़ में मुकद्द के सिकंदर रहे। उन्हें पार्टी ने तब सिंबल दिया जब वो पीएन गर्ग को सिंबल देने की घोषणा कर चुकी थी, लेकिन सपा ने पीएन गर्ग से सिंबल वापस लेकर सिकंदर यादव को दिया और सिकंदर यादव की पत्नी सपा से मेयर उम्मीदवार के रूप में मैदान में आईं।

ये राजनीति का एक टर्न था और सबको ये लग रहा था कि यहां सिकंदर यादव एक मजबूत फाइट देंगे, लेकिन यहां सिकंदर यादव के सियासी मुकद्दर ने उनका मजबूती से साथ नहीं दिया और वो खिसककर चौथी पायदान पर चले गए। चुनाव का ये नतीजा केवल सिकंदर यादव ही नहीं बल्कि उनके समर्थकों को भी हैरान करने वाला था। अब बताते हैं कि एक बार फिर से चुनावी तैयारी शुरू हो गई और सवाल यही है कि 2027 के चुनावी रण में सिकंदर यादव कौन सी विधानसभा से अपना मुकद्दर तालशेंगे। क्योंकि अगर बात यादव वोटों की करें तो बिजेंद्र यादव कांग्रेस से उम्मीदवार के रूप में मैदान में आए और उनकी जमानत भी जब्त हो गई। ऐसे में केवल जातीय समीकरण काम नहीं आएगा और यहां सर्वसमाज फामूर्ला लेना होगा। अब वो कौन से समीकरण के साथ कौन सी सीट से तैयारी शुरू करेंगे क्योंकि सिकंदर यादव समाजसेवा और राजनीति के क्षेत्र में कोई नया चेहरा नहीं है। वो पब्लिक फिगर हैं और जनता के बीच रहते हैं।

### सिकंदर ने दिया है स्मृति पार्क के लिये सहयोग



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनीति में टिकट के योग में एक बड़ी भूमिका पार्टी फंड में सहयोग की भी रहती है। बताते हैं कि सहयोग शब्द ऐसा है कि ये कई बार टिकट के योग बना देता है। सूत्र बताते हैं कि लखनऊ वाली बैठक में सिकंदर यादव ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को सहयोग राशि का चेक भेंट किया। यह पार्क सपा के संस्थापक, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय रक्षामंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की स्मृति में बनाया जा रहा है। सिकंदर यादव ने स्मृति पार्क के लिये सहयोग राशि का चेक दिया। खास बात ये रही कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्वयं अपने ट्विटर अकाउंट पर इसके फोटो साझा किये।

### अभिषेक गर्ग, विशाल वर्मा, सिंहराज जाटव के बाद सिकंदर का नाम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के ऊजार्वान और समर्थ चेहरों की बात करें तो यहां अभिषेक गर्ग का नाम पहले स्थान पर है। अभिषेक गर्ग उच्च शिक्षित हैं, संभ्रांत परिवार से हैं और वैश्य समाज का सौम्य चेहरा है। बेहद विनम्र हैं, मिलनसार हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने का एक जज्बा उनके भीतर है। वो भी विधानसभा के दावेदार हैं। यहां पर सपा ने सामान्य सीट पर अनुसूचित कार्ड खेलकर सबको चौंकाया था। उसने यह दांव विशाल वर्मा के रूप में शहर सीट पर खेला था। साइकिल के इस दांव ने बसपा के हाथी पर सवार शुक्ला जी को तीसरे स्थान पर धकेला था। ऐसे में विशाल वर्मा की दावेदारी हो रही है और यहां पर सिंहराज जाटव का नाम भी आता है। उन्होंने भी उपचुनाव में ताल ठोंकी है और अब चर्चा में सिकंदर यादव का नाम आ गया है। सिकंदर यादव चुनावी ऊर्जा से लबरेज हैं, लेकिन सवाल वही है कि कौन सी विधानसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्हें कंसिडर करते हैं। दावेदारी को लेकर जब करंट क्राइम ने सिकंदर यादव से बात की तो यहां उन्होंने कहा कि अभी से कुछ भी कहना ठीक नहीं है और उन्होंने फॉर्मेट वाला जवाब दिया और कहा कि पार्टी जहां से भी आदेश करेगी वहीं से चुनाव लड़ेंगे। अपने उत्तर में ही सिकंदर यादव ने स्पष्ट कर दिया कि चुनाव लड़ने की तैयारी है, चुनाव की दावेदारी है और वो चुनाव लड़ेंगे।

## सपा के पूर्व अध्यक्ष ने दावेदार का हाथ देखकर जब ये कहा-

# तुम्हारे हाथों की लकीरों में नहीं है चुनाव लड़ने के लिए धन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति के लोग जब एक साथ बैठते हैं तो बातें भी सियासत के ईद-गिर्द ही घूमती है। समाजवादी इस मामले में फनी है और वो सेंस ऑफ ह्यूमर के भी धनी है। किस्सा लखनऊ वाली बैठक का है औरप बताते हैं कि सपा सुप्रीमो के बुलावे के इंतजार में गाजियाबाद के सपाई बैठे थे। यहां पर समाजवादी पार्टी के एक पूर्व जिलाध्यक्ष भी बैठे थे। उनका अंदाज मजाकिया है और वो अक्सर अपने लहजे से माहौल को खुशनुमा कर देते हैं। जब यहां सपाई बैठे थे इनमें एक ऐसे सपाई भी बैठे थे जो लौटकर वापस आए हैं और चुनाव लड़ने की इच्छा रखते हैं। जब भैया जी ने पूछा था कि कौन-कौन चुनाव लड़ना चाहता है तो इन्होंने भी हाथ उठाया था।

हाथ की बात से यहां चर्चा चली और पूर्व अध्यक्ष ने दावेदार का हाथ पकड़ लिया और कहा कि लाओ तुम्हारा हाथ देखते हैं। अध्यक्ष जी ने हाथ देखना शुरू किया और सब समझ रहे थे कि ये समय बिताने का एक आयाम है और हाथ देखने वाले से ज्यादा हाथ दिखाने वाला इस बात से बेखबर था। दावेदार उत्साहित था और उसने कहा कि देखो मेरे हाथ में चुनाव की कितनी संभावनाएं हैं। अध्यक्ष जी भी पूरे मंझे हुए कलाकार हैं और उन्होंने भी बहुत ही गंभीरता से पहले हाथ की ओर देखा और फिर उतनी ही गंभीरता से दावेदार की ओर देखा। इसके बाद उन्होंने कहा कि आप टिकट तो मांग रहे हो, लेकिन और इस लेकिन के कहते ही दावेदार ने बीच में छलांग लगाई और कहा कि मेरी मुराद पूरी होगी और चुनाव लड़ना ही है, इस पर अध्यक्ष जी ने कहा कि चुनाव की मुराद कितनी पूरी होगी इसके लिये तो हाथ ध्यान से देखना होगा।



इसके बाद साथ वालों ने आसपास घेरा बना लिया और अध्यक्ष ने हाथ देखते-देखते चेहरा सीरियस बना लिया, वो आदतन अपनी आंखो को गोल-गोल घुमाने लगे और फिर अपने ही अंदाज में मुस्कराने लगे। तब तक दावेदार का भी उत्साह पूरा बढ़ चुका था, उसका क्रेज चरम पर था, लेकिन यहां अध्यक्ष ने हाथ को गौर से देखा और कहा कि तुम्हारे हाथ की लकीरों में धन तो नजर ही नहीं आ रहा। चुनाव लड़ने के लिये तुम्हारे हाथ की रेखाओं में दम तो बात में देखेंगे, लेकिन धन तो दिखाई दे। अब दावेदार का भी उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा था और उसने भी कहा कि तुम्हें हाथ देखना ही नहीं आता और यह कहकर दावेदार ने अपनी प्रॉपर्टी गिना दी और कहा कि मेरे पास इतनी संपत्ति है, इस पर पूर्व जिला अध्यक्ष ने भी कहा कि तुम्हारे पास करोड़ों की संपत्ति है और हमें इस बात पर नहीं कोई आपत्ति है, मगर तुम तैश में आने की बजाए मुझे सिर्फ इतना तो बताओ कि चुनाव लड़ने के लिये तुम्हारे पास कैश कहां हैं।

मेरे भाई चुनाव के लिये तो कैश चाहिए ही होता है और मेरी समझ में तुम्हारे हाथ की लकीरों में धन नजर नहीं आ रहा। इसी बीच पूर्व अध्यक्ष ने यह कहते हुए अपने चेहरे पर कोई भाव लाए बिना पास खड़े सपाई की तरफ देखते हुए आंख मारी और अध्यक्ष जी को आंख मारते हुए दावेदार ने भी देख लिया। फिर वो भी समझ गया कि कैसा हाथ देखा है और कैसी मेरे हाथ की रेखा है। इसके बाद दावेदार ने अपना हाथ छुड़ाया और वहां से चल दिये।

# दीपावली से पहले मुख्य मार्गों और आंतरिक वार्डों में दिखेगी विकास व सौंदर्यकरण की बहार : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जनता दर्शन के दौरान क्षेत्रीय निवासियों और पार्षदों की समस्याएँ सुनीं और तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नूर नगर, शांति नगर, गंज तिराहा, देवी मंदिर, वार्ड 25, 58, 83, 61 और 80 सहित करीब 23 मामलों में संबंधित विभागों को कार्रवाई करने के आदेश दिए गए।




इनमें जल निकासी, सीवर लाइन, नाला निर्माण, पार्क से अवैध कब्जा हटाने और सौंदर्यकरण जैसे मुद्दे शामिल रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि दीपावली से पूर्व न केवल मुख्य मार्गों बल्कि आंतरिक वार्डों में भी विशेष सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यकरण के कार्य किए जाएंगे। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रतिदिन क्षेत्रीय पार्षदों से संवाद स्थापित करते हुए कार्यों को गति दें।

इस दौरान शहर के पार्षद हिमांशु शर्मा, शीतल देओल, राहुल शर्मा, पूनम सिंह, संतोष, ओमप्रकाश, शशि गौतम, देवनारायण शर्मा, कन्हैया लाल और नीरज गोयल ने आंतरिक वार्डों की समस्याओं और निगम की आय बढ़ाने के सुझाव नगर आयुक्त के सामने रखे।

साथ ही पूर्व पार्षद जाकिर सैफी, मनोज गोयल, पवन गौतम और वार्ड 61 से आशीष भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने सभी पार्षदों का सहयोग लेते हुए स्पष्ट किया कि शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य जारी हैं और इन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा।

# ओपोलेंट मॉल, मोदीनगर शुगर मिल और लोनी कॉलेज में आज बजेगा अलार्म





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद के तीन अलग-अलग स्थानों पर आपदा प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। सदर तहसील क्षेत्र के ओपोलेंट मॉल में अग्नि सुरक्षा का अभ्यास होगा, वहीं मोदीनगर शुगर मिल में रासायनिक आपदा से निपटने की तैयारी की जाएगी। इसके अलावा लोनी इंटर कॉलेज में भूकंप जैसी आपदा से बचाव और राहत कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। इन तीनों जगहों पर सुबह 10 बजे से आपदा प्रबंधन टीमें सक्रिय रहेंगी और विभिन्न हालातों से निपटने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगी।

एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने नागरिकों से अपील की है कि यह केवल आपदा प्रबंधन की तैयारी का हिस्सा है और इसे लेकर किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# सिहानी गेट इलाके में बेकाबू थार का कहर महिला को मारी जोरदार टक्कर, वीडियो वायरल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी जोन के सिहानी गेट थानाक्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां तेज रफ्तार थार गाड़ी ने सड़क पर जा रही महिला को पीछे से टक्कर मार दी।

हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। टक्कर से दूर जा गिरी महिला मिली जानकारी के अनुसार, घायल महिला का नाम पारुल गुप्ता है।

वह सड़क पर जा रही थी, तभी पीछे से आई थार गाड़ी ने अचानक टक्कर मार दी। जोरदार धक्के से महिला उछलकर दूर जा गिरी और बुरी तरह घायल हो गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो बेहद डराने वाला है। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को अस्पताल ने छुट्टी दे दी गई है।

### कोई कार्रवाई नहीं चाहिए : महिला का बयान

करंट क्राइम : थाना सिहानी गेट पुलिस के अनुसार, घायल महिला ने लिखित में बयान दिया है कि वह इस मामले में किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहती। यहां तक कि वह अपने घर का दरवाजा भी किसी को नहीं खोल रही है। पुलिस का कहना है कि महिला की मर्जी के अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी।

### पीड़िता है स्कूल टीचर, रीड की हड्डी टूटी

करंट क्राइम : सिहानी गेट थानाक्षेत्र में एक भयानक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक स्कूल टीचर युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पीछे से आ रही तेज रफ्तार थार वाहन ने टीचर को टक्कर मार दी, जिससे वह लगभग 15 फीट ऊपर तक उछल गई। इस हादसे में उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई, लेकिन राहत वाली बात है कि अन्य गंभीर चोटें नहीं आई। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है और डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति अब खतरे से बाहर है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### लगातार अलग-अलग जनपद से आ रहे हैं थार के वीडियो

करंट क्राइम। बेकाबू थार से हादसों के मामले लगातार सामने आते रहे हैं। हाल ही में झांसी के प्रेमनगर क्षेत्र में एक थार चालक ने गाय के बछड़े को बेरहमी से कुचल दिया था। उस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर गाड़ी सीज कर दी थी, साथ ही तीन अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की गई थी।

# राजनगर रामलीला समिति की कार्यकारिणी भंग संस्थापक और आजीवन सदस्य कराएंगे आयोजन

## डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश लागू करने को लेकर डीएम से गुहार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामलीला समिति राजनगर की मौजूदा कार्यकारिणी को डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स गाज़ियाबाद ने गंभीर अनियमितताओं और नियम उल्लंघन के चलते कालातीत (भंग) घोषित कर दिया है। आदेश के अनुसार अब आगामी रामलीला महोत्सव का आयोजन समिति के संस्थापक और आजीवन सदस्य संयुक्त रूप से कराएंगे।

पूर्व भाजपा पार्षद एवं समिति के संस्थापक सदस्य व पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र त्यागी और अधिवक्ता व आजीवन सदस्य आकाश वशिष्ठ ने बताया कि समिति के वर्तमान अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता पर लगातार चंदे के दुरुपयोग और सोसाइटी एक्ट के उल्लंघन के आरोप लगे थे। डिप्टी रजिस्ट्रार ने कई बार साक्ष्य मांगे लेकिन गुप्ता संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद पूरी कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया। आदेश लागू कराने के लिए संस्थापक और आजीवन सदस्यों ने जिलाधिकारी गाज़ियाबाद से अनुरोध किया है कि वे किसी सक्षम अधिकारी को नामित करें, ताकि आयोजन निष्पक्ष और निर्विघ्न संपन्न हो सके। अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने कहा कि हम आयोजन के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे नियम और परंपरा के अनुसार होना चाहिए। समिति में भाई-भतीजावाद और निजी स्वार्थ को जगह मिली है, जिससे भगवान श्रीराम की मयार्दा और भक्तिभाव से समझौता हुआ है।

### होना चाहिए डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश का सम्मान : राजेन्द्र त्यागी



पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने कहा कि यह मंचन समाज को जोड़ने का अवसर है। डिप्टी रजिस्ट्रार के आदेश का सम्मान करते हुए प्रेम और सौहार्द के साथ रामलीला का आयोजन होना चाहिए। जिला प्रशासन इसे अपनी देखरेख में कराए, हम सब पूरा सहयोग देंगे।

### उठाए गए मुद्दे

- सभी संस्थापक और आजीवन सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
- चंदे की राशि का दुरुपयोग न हो, न ही फ्री कूपन और महंगे गिफ्ट बांटे जाएं।
- कालातीत कार्यकारिणी केवल दैनिक खर्चों तक सीमित रहे, बड़े नीतिगत फैसले न ले।
- पोस्टर, पास और होर्डिंग पर पदनाम का इस्तेमाल न किया जाए।

## संपादकीय

# ट्रंप का दावा खारिज

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार का बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करता है। भारतीय सरकार शुरू से कहती रही है कि उसने किसी तीसरे की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की, ऐसा करना पॉलिसी का हिस्सा ही नहीं है। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के बयान के बाद मई से शुरू हुई इस बहस पर विराम लग जाना चाहिए।

भारत का रुख इशाक डार के इंटरव्यू से साफ होता है कि पाकिस्तान की तरफ से अमेरिका के दखल की गुजारिश की गई थी, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि भारत किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। डार के मुताबिक, जुलाई में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से उनकी इस मसले पर फिर बात हुई थी। तब भी उन्हें अमेरिका की तरफ से यही बताया गया कि भारत ने इसे द्विपक्षीय मुद्दा करार दिया है।

तनाव की वजह 10 मई को सीजफायर के बाद से ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि उनकी वजह से भारत-पाकिस्तान के बीच शांति हुई, वरना तो परमाणु युद्ध की नौबत आ चुकी थी। भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने अपना दावा नहीं छोड़ा। दोनों देशों के रिश्तों में हाल में आए तनाव की एक वजह यह भी मानी गई कि ट्रंप खुद को सीजफायर का क्रेडिट न दिए जाने से नाराज हैं। लेकिन, भारत ने वही कहा जो शुरू से उसका रुख रहा है कि उसके और पाकिस्तान के बीच संवाद में किसी तीसरे की जगह नहीं है। जहां तक पाकिस्तान का ताल्लुक है, तो उसे किसी की मध्यस्थता से कोई ऐतराज नहीं।

पुरानी गलती डॉनल्ड ट्रंप पहले कार्यकाल में भी भारत-पाकिस्तान संबंधों की गंभीरता को समझने में चूक कर बैठे थे। उस समय उन्होंने कश्मीर मामले में मध्यस्थता का प्रस्ताव दे दिया था, जबकि अमेरिकी सरकारें इससे बचती रही हैं। भारत को संवाद से कभी गुरेज नहीं रहा। पहले भी भारत की तरफ से सीमा पर शांति की कई कोशिशें की जा चुकी हैं, लेकिन ऐसा कोई भी प्रयास परिस्थितियों को देखते हुए और बिना किसी बाहरी दबाव के होना चाहिए।

आगे बढ़ने का समय ट्रंप का दावा भले दोनों तरफ से नकारा जा चुका हो, लेकिन भारत-अमेरिकी रिश्तों के संदर्भ में देखें तो इसे पुरानी बात मानकर आगे बढ़ जाना ही बेहतर है। ट्रंप ने पिछले दिनों तनाव को कम करने की कोशिश करते हुए भारत-अमेरिकी संबंधों को विशेष बताया था। पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर भी दोनों नेताओं के बीच फोन पर बात हुई। इस समय ट्रेड डील पर बात करने के लिए अमेरिकी दल भारत में है। तो इस मौके का इस्तेमाल बीती बातों से आगे बढ़ने के लिए कर सकते हैं।

# 'विकसित भारत के लिए गुणवत्ता प्रबंधन सबसे जरूरी'

## वित्त मंत्री सीतारमण ने कौशल विकास पर दिया जोर



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विकसित भारत का मार्ग केवल अधोसंरचना निर्माण या मानव संसाधन प्रशिक्षण में मामूली सुधार से नहीं बनेगा, बल्कि इसके लिए गुणवत्ता प्रबंधन की गहन समझ और उद्योग जगत से अनुभवी इनपुट जरूरी है। यही हस्तक्षेप भारत में उत्पादन और सेवाओं की गुणवत्ता को नए स्तर पर ले जाएगा। विकसित भारत का रास्ता केवल ढांचागत विकास ने नहीं बनेगा। गुणवत्ता प्रबंधन इसमें अहम भूमिका निभाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट के वार्षिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही।

सीतारमण ने कहा कि विकसित भारत का मार्ग केवल अधोसंरचना निर्माण या मानव संसाधन प्रशिक्षण में मामूली सुधार से नहीं बनेगा, बल्कि इसके लिए गुणवत्ता प्रबंधन की गहन समझ और उद्योग जगत से अनुभवी इनपुट जरूरी है। यही हस्तक्षेप भारत में उत्पादन और सेवाओं की गुणवत्ता को नए स्तर पर ले जाएगा।

### भारत-सिंगापुर सहयोग

सीतारमण ने भारत-सिंगापुर सहयोग का जिक्र करते हुए कहा कि हाल ही में आयोजित 'इंडिया - सिंगापुर मिनिस्टीरियल राउंडटेबल' में गुणवत्ता प्रबंधन, तकनीक और उत्पादकता सुधार पर गहन चर्चा हुई। सिंगापुर भारत के साथ मिलकर प्रशिक्षण और क्वालिटी सर्टिफिकेशन में मदद कर रहा है। इस दिशा में काम जारी है।

### कौशल विकास को दी जा रही प्राथमिकता

सीतारमण ने कहा कि बीते दो-तीन वर्षों से हर बजट में कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। केवल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों तक सीमित न रहते हुए युवाओं को विभिन्न प्राधिकरणों और उद्योग योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर मौजूद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (क्ळक्र) को 'हब एंड स्पोक मॉडल' के तहत अपग्रेड कर एआई संचालित प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए केंद्र सरकार वित्तीय सहयोग दे रही है।

### अंतरिक्ष और परमाणु तकनीक को जोड़ा गया

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने कुछ 'संस्थानों को उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में चिन्हित किया है, जहां एआई आधारित अनुसंधान और प्रशिक्षण कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और शहरी जीवन जैसे चार क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। नीति आयोग ने हाल ही में इसमें 'अंतरिक्ष और परमाणु तकनीक' को पांचवें क्षेत्र के रूप में जोड़ा है। इन संस्थानों में शोध और विशेषज्ञता से युवाओं को नए अवसर मिलेंगे।

# भारतीय वस्तुओं पर निर्यात शुल्क घटा सकता है अमेरिका

## व्यापार वार्ता के बीच सीईए नागेश्वरन का दावा



**नई दिल्ली।** सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ विवाद अगले दो महीनों में सुलझ सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका की ओर से भारत के खिलाफ लगाया गया दंडात्मक टैरिफ वापस लिए जाने की संभावना है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ विवाद अगले दो महीनों में सुलझ सकता है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि अमेरिका की ओर से भारत के खिलाफ लगाया गया दंडात्मक टैरिफ वापस लिए जाने की संभावना है। नागेश्वरन ने यह भी संकेत दिया कि पारस्परिक टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर लगभग 15 प्रतिशत करने के लिए बातचीत चल रही है। इससे निर्यातकों में आशा की किरण जगी है। मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए सीईए ने यह बात कही।

# शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा, निफ्टी 25400 के पार

**नई दिल्ली।** गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 320.25 अंक उछलकर 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 93.35 अंक की बढ़त के साथ 25,423.60 पर बंद हुआ।




हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 320.25 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 93.35 अंक या 0.37 प्रतिशत चढ़कर 25,423.60 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे गिरकर 88.13 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

# वित्त मंत्रालय ने कर्मचारियों से 30 सितंबर की समय सीमा से पहले यूपीएस चुनने को कहा

**नई दिल्ली।** सरकार 1 अप्रैल, 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में लेकर आई है। इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान देने की बात कही गई है। अब वित्त मंत्रालय ने इच्छुक केंद्रीय कर्मियों से एनपीएस से यूपीएस में 30 सितंबर तक स्विच कर लेने को कहा है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समय सीमा से पहले एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में स्थानांतरित होने का विकल्प चुन लें ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान सुनिश्चित किया जा सके। सरकार 1 अप्रैल, 2025 से




केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में लेकर आई है। इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान देने की बात कही गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त लोगों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है। मंत्रालय ने कहा, सभी पात्र कर्मचारियों से आग्रह है कि वे अंतिम समय में आने वाली किसी भी कठिनाई से बचने और अपने अनुरोधों पर समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए समय सीमा से पहले ही अपना विकल्प चुन लें। जो कर्मचारी एनपीएस में बने रहना चाहते हैं, वे इस तिथि के बाद यूपीएस का विकल्प नहीं चुन सकते। 20 जुलाई तक लगभग 31,555 केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों ने यूपीएस का विकल्प चुना था और इस योजना के तहत नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। इसके अलावा, वित्त मंत्रालय ने 25 अगस्त को नई शुरू की गई यूपीएस से एनपीएस में एक बारगी वन-वे स्विच सुविधा की शुरूआत की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि यूपीएस से एनपीएस में एक बारगी, एकतरफा स्विच सुविधा उन सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

जिन्होंने यूपीएस का विकल्प चुना है। इसमें कहा गया है, यूपीएस ऑप्टीज द्वारा इस स्विच सुविधा का उपयोग किसी भी समय किया जा सकता है, जो सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष पहले या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के मामले में सेवानिवृत्ति की अनुमानित तारीख से तीन महीने पहले हो सकता है, जैसा भी लागू हो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक बत्तख अपना सिर हिलाए बगैर नहीं चल सकती है।
- घोड़े आपस में बात करते समय चहरे के भाव भी इस्तेमाल करते है।
- मुर्गी अधिक से अधिक 13 सेकंड तक उड़ सकती है।
- गाय खड़ी होकर भी सो सकती है।
- कुत्तो में 7 तरह के ब्लड ग्रुप मिलते है।
- चींटी कभी नहीं सोती और उसके पास फेफड़े नहीं होते है।
- उल्लू अपने सिर को 270 डिग्री पर घुमा लेता है।
- विश्व के 50% सूअर चीन में पाले जाते है।
- मानव शरीर में पाई जाने वाली बेक्टीरियों की संख्या धरती पर मिलने वाले जीव-जन्तुओ की संख्या से भी बहुत अधिक है।
- संगीत सुनाते समय गाय का दु:ख दोहने पर वो अधिक मात्रा में दूध देती है।
- बिल्ली समुद्री जल को सुरक्षित पी लेती है।
- सबसे छोटी चिड़िया हमिंग बर्ड क्यूबा में पाई जाती है।
- ज्यादातर नर पक्षी ही गीत गाते है।
- चीनी हिरन का नवजात बच्चा इतना छोटा होता कि मानव की हथेली पर आ जाएगा।
- दुनिया में इंसानो की आबादी की तुलना में चीटियाँ 10,00,000 गुना संख्या में है।

# शशिकला और मार्ग ग्रुप से जुड़े मामलों में ईडी ने की छापेमारी, 200 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को चेन्नई और हैदराबाद में 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक घोटाले और बेनामी संपत्ति की जांच के तहत छापेमारी की। कार्रवाई में शशिकला, पूर्व तमिलनाडु मुख्यमंत्री जे जयललिता की करीबी और कुछ अन्य नाम शामिल हैं। ईडी ने मार्ग ग्रुप से जुड़े और शशिकला के कथित बेनामी जीआरके रेड्डी नामक व्यक्ति से जुड़े कम से कम 10 ठिकानों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई है।

### केनरा बैंक के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप

उन्होंने बताया कि यह जांच केनरा बैंक के साथ 200 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से संबंधित है, जिसमें सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई की एफआईआर में शशिकला का नाम नहीं है। सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने कुछ समय पहले एक आदेश पारित किया था।

## राशिफल

**मेष:** अपना मूड बदलने के लिए सामाजिक मेलजोल का सहारा लें। आपकी गैर यथार्थवादी योजनाएँ आपके धन को कम कर सकती हैं। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें।

**वृष:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी मेहनत और लगन से लगातार आगे बढ़ते जायेंगे। किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

**मिथुन:** मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। विदेश गमन के लिए परिस्थिति अनुकूल होगी।

**कर्क:** काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों।

**सिंह:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपकी बात को ध्यान से सुनना पसंद करेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश करते रहेंगे।

**कन्या:** कीर्ति यश में वृद्धि होगी। नेतृत्व का गुण और लोगों की जरूरतों को समझने की संवेदनशीलता है। खुद को अभिव्यक्त करने पर जोर देंगे, सफलता कदम चूमेगी।

**तुला:** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें।

**वृश्चिक:** दिन उत्तम रहेगा। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। अकारण शुरू हुई बाधाओं का अंत आज अपने आप हो जायेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में विवाद हो सकता है। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएं बनाएंगे। मकान खरीदने या बनाने के मामले में पार्टनर की राय को नजरअंदाज ना करें।

**मकर:** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी, लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ:** दिन फायदा देने वाला रहेगा। किसी विदेशी कंपनी से साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन:** अनियमितता के कारण स्वास्थ्य प्रतिकूल हो सकता है। जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव दिन खुशनुमा बना सकता है। वित्तीय मामले में थोड़ा सतर्क रहने की जरुरत है।

## चुटकुले

टीचर: बेटा, बताओ "ATM" का मतलब क्या है?
पप्पू: सर, Aao Tension Mein!
टीचर: वो कैसे?
पप्पू: क्योंकि पैसा कभी निकलता है, कभी नहीं!

पत्नी: सुनो जी, मैं तुम्हें कब बूढ़ी लगूँगी?
पति: जब तुम बोलना बंद कर दोगी।
पत्नी: मतलब कभी नहीं?
पति: हाँ, मेरी पेंशन तक बोलती रहोगी!

मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे बहुत कमजोरी लगती है।
डॉक्टर: दिन में कितनी बार खाते हो?
मरीज: दो बार।
डॉक्टर: और बीच-बीच में?
मरीज: जी मोबाइल चार्ज करता हूँ!

दोस्त: भाई, तेरा डाइट प्लान क्या है?
गोलू: सुबह उठकर परांठा, फिर आलू पूरी, फिर समोसा।
दोस्त: और शाम को?
गोलू: शाम को प्लान कैंसिल कर देता हूँ




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# गाजियाबाद में विकसित भारत पार्क की आधारशिला रखी गई

# 6.5 एकड़ में बनेगा 45 करोड़ का अनोखा पार्क

## पूरा पार्क होगा विकसित भारत थीम पर आधारित : अतुल वत्स



**- पार्क में उपलब्ध होगी एंट्री प्लाजा , सिंथेटिक रनिंग ट्रेक , शौचालय और स्मार्ट सुविधाएं**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश की राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद में जल्द ही एक नया और अनूठा 'विकसित भारत पार्क' आकार लेने जा रहा है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देशन में, मधुबन बापूधाम योजना में लगभग 6.5 एकड़ भूमि पर इस अत्याधुनिक पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसकी कुल लागत करीब 45 करोड़ रुपये अनुमानित है।

यह पार्क 'विकसित भारत' की थीम पर आधारित होगा और इसमें पांच विशेष जोन बनाए जाएंगे जो भविष्य के भारत की झलक दिखाएंगे। इनमें प्रमुख हैं:

**भविष्य भारत पैवेलियन:** जो आने वाले समय के भारत को दर्शाएगा।

**भारत 2047 डोम:** जिसमें भारत की विकास यात्रा और भविष्य की परिकल्पना होगी।

**डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर:** जो देश की डिजिटल क्रांति को प्रदर्शित करेगा।

**2070 तक नेट कार्बन जीरो:** भारत के पर्यावरण-अनुकूल लक्ष्यों की जानकारी देगा।

**चंद्रमा लैंडिंग:** भारत के अंतरिक्ष मिशन की सफलता को समर्पित होगा।

पार्क में आने वाले लोगों के लिए बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें एंट्री प्लाजा, सिंथेटिक ट्रैक, बच्चों के लिए खेलने का क्षेत्र, वॉकिंग और साइकिल ट्रैक, और सुंदर जल संरचनाएं शामिल होंगी। इसके साथ ही, थीम आधारित इंस्टॉलेशन और स्मार्ट सुविधाएं भी आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाएंगी।

अतुल वत्स ने उम्मीद जताई कि यह पार्क पूरे एनसीआर में एक नई पहचान बनाएगा। उन्होंने बताया कि इस पार्क के लिए कंसल्टेंट्स की सलाह ली जा रही है और इसे और भी बेहतर बनाने के लिए अन्य जगहों से जानकारी जुटाई जा रही है।

जीडीए का मानना है कि यह पार्क न सिर्फ वायु प्रदूषण की समस्या को कम करने में सहायक होगा, बल्कि यह क्षेत्र के निवासियों के लिए एक नया और स्वस्थ मनोरंजक स्थल भी बनेगा। यह पार्क बच्चों को खेल-खेल में भारत की विकास यात्रा और उपलब्धियों के बारे में जानने का मौका देगा।

# पार्षद डॉ अनिल तोमर ने किया नीति खंड 3 में 30 एचपी पंप का शिलान्यास





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा जोन के वार्ड 98, नीति खंड 3 में एक नई शुरूआत हुई। क्षेत्र में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए, सेंट्रल पार्क में एक शक्तिशाली 30 एचपी के नए बोरवेल पंप का शिलान्यास किया गया। इस महत्वपूर्ण परियोजना का उद्घाटन वार्ड के पार्षद, डॉ. अनिल तोमर द्वारा किया गया। डॉ. अनिल तोमर ने कहा, यह पंप सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि नीति खंड 3 के निवासियों के लिए जीवन रेखा है। यह लंबे समय से चली आ रही पीने के पानी की समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर देगा, खासकर गर्मियों में जब पानी की किल्लत अपने चरम पर होती है। हमारा लक्ष्य है कि हर घर तक पर्याप्त और स्वच्छ पानी पहुंचे, और यह परियोजना उसी दिशा में एक ठोस कदम है। नीति खंड 3 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष परविंदर यादव ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, हम पार्षद डॉ. अनिल तोमर के आभारी हैं। उनके अथक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। यह कदम हमारे क्षेत्र के लिए बहुत बड़ा समर्थन है।

पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने कहा, हमारी प्राथमिकता है कि क्षेत्र के निवासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं मिलें। पानी की समस्या का समाधान करना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। नीति खंड 3 में नए बोरवेल पंप का शिलान्यास एक महत्वपूर्ण कदम है जो क्षेत्र के निवासियों को पानी की समस्या से निजात दिलाएगा। पार्षद डॉ. अनिल तोमर की पहल से क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और उनके जीवन में सुधार होगा।

# प्रदेश की शीर्ष नौकरशाही में बड़ा बदलाव, मुख्य सचिव एसपी गोयल के पास से सभी विभाग हटे, बदले गए 14 आई ए एस



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की शीर्ष नौकरशाही में बृहस्पतिवार को बड़ा बदलाव कर दिया। मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के पास से सभी विभाग हटा लिए गए हैं। माना जा रहा है कि स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होंने स्वयं ये दायित्व छोड़े हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार का कद बढ़ाते हुए उन्हें अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) भी बना दिया गया है। साथ ही बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार के पास से हटाकर पार्थसारथी सेन शर्मा को दे दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव पार्थसारथी के पास अभी तक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग थे।

कुल 14 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। शीर्ष नौकरशाही में हुए इस बदलाव में जहां अमित कुमार घोष, पी गुरुप्रसाद और रणवीर प्रसाद का कद बढ़ाया गया है, वहीं मुकेश कुमार मेश्राम और अमृत अभिजात को अपेक्षाकृत कम महत्व के माने जाने वाले विभाग मिले हैं। दीपक कुमार को कृषि उत्पादन आयुक्त व अपर मुख्य सचिव के साथ अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा, नागरिक उड्डयन एवं समन्वय विभाग और परियोजना निदेशक यूपीडास्प का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। नागरिक उड्डयन को छोड़कर ये सभी पद अभी तक मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल के पास थे। दीपक कुमार को माध्यमिक व बेसिक शिक्षा की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग से प्रमुख सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा बनाया गया है। अमित घोष को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, पशुपालन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य से प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग, मुकेश कुमार मेश्राम प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य से पशुपालन, दुग्ध एवं मत्स्य विभाग, अमृत अभिजात को नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग से पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग भेजा गया है। पी गुरुप्रसाद को प्रमुख सचिव राजस्व के पद से मुक्त कर दिया गया है। उन्हें आवास विभाग के साथ नगर विकास विभाग और नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

मनीष चौहान प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन, उत्तर प्रदेश पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन तथा निदेशक हिंदी संस्थान बनाए गए हैं।

### संजय प्रसाद से लिया गया उड्डयन विभाग

संजय प्रसाद को प्रमुख सचिव नागरिक उड्डयन विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है और शेष विभाग उनके पास यथावत रहेंगे। अजय चौहान को प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी उपशा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार तृतीय से पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग तथा निदेशक हिंदी संस्थान का प्रभार वापस से लिया गया है। उन्हें नोडल अधिकारी जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश अभियान का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसके अलावा अन्य विभाग उनके पास पूर्ववत बने रहेंगे।

# खोड़ा गौशाला में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मंडल में सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के निर्देश अनुसार मंडल के अध्यक्ष जीतू राय, योगेश भाटी की अध्यक्षता में खोड़ा गौशाला में सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। खोड़ा गौशाला में स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को मनाया। मुख्य अतिथि योगेश त्रिपाठी, विधायक पुत्र कार्तिकेय शर्मा, घनश्याम तिवारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक गौरव तोमर ने सभी अतिथियों को पटका पहनकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगेंद्र चौहान, रामवीर यादव, गजेंद्र नेगी, कल्लू यर्शा, रजनीश सिंह, दीवान सिंह, लटवाल भूषण यादव, मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज सेवा और स्वच्छता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकताओं ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई और स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस मौके पर योगेश भाटी ने कहा कि सभी सहयोगियों ने गौसेवा और संघ के सदस्यों के साथ पीएम नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत सभी संतों ने गौमाता को हरा चारा और गुड़ का भंडारा दिया।

### नोएडा में परिवहन विभाग ने किय 562 वाहन जब्त और 3.29 करोड़ से ज्यादा का वसूला जुमार्ना

**नोएडा।** नोएडा में परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने छह माह में 562 क्षमता से अधिक सामान ढो रहे वाहनों को जब्त किया है। इन वाहनों पर 3.29 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला गया है। इनके अलावा 840 वाहनों के चालान किए गए। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ. उदित नारायण पांडे ने कहा कि क्षमता से अधिक सामान ढो रहे वाहनों से 3.29 करोड़ रुपये से अधिक जुमार्ना वसूला गया। अप्रैल में 120 वाहनों के चालान और 101 गाड़ियों को बंद किया गया था। मई में 146 वाहनों के चालान और 113 को सीज किया गया था। जून में 122 गाड़ियों के चालान और 130 वाहनों को बंद किया गया था। जुलाई में 126 वाहनो के चालान और 98 को सीज किया गया था। अगस्त में चालान किए गए वाहनों की संख्या 198 और सीज गाड़ियां 104 थी। सितंबर में 17 तारीख तक 128 वाहनों के चालान और 53 को सीज किया गया था। इसके अलावा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी की गई है। चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस 45 दिन के लिए निलंबित किए गए हैं। ऐसे में इस अवधि में चालकों से वाहन चलाने का अधिकार छिन गया है।

# विजय नगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा कार्यशाला






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के विजय नगर में स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में एक सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों और स्कूल ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में यातायात इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव और संतोष कुमार सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के महत्वपूर्ण नियम बताए।

**सीट बेल्ट का महत्व:** इंस्पेक्टर ने बताया कि सीट बेल्ट पहनना सबसे आसान और प्रभावी सुरक्षा उपाय है। यह दुर्घटना के समय गंभीर चोट लगने के जोखिम को काफी कम कर देता है।

**यातायात नियमों का पालन:** उन्होंने ट्रैफिक सिग्नल और नियमों का पालन करने पर जोर दिया ताकि सड़क पर अनुशासन बना रहे।

**मोबाइल फोन से दूरी:** गाड़ी चलाते समय ध्यान को सड़क पर ही केंद्रित रखने की सलाह दी गई और मोबाइल फोन या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के इस्तेमाल से बचने को कहा गया।

**गति सीमा का पालन:** तेज रफ्तार को दुर्घटना का एक बड़ा कारण बताते हुए, सभी को हमेशा गति सीमा के भीतर ही वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

**अधिकारियों के विचार:** स्कूल के निदेशक डॉ. करुण कुमार गौड़ ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण सुरक्षा उपायों की अनदेखी करना है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने, तेज गति से वाहन न चलाने और मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की अपील की।

प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने एक भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि घर पर कोई हमारा इंतजार कर रहा है, जो हमें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है और हर साल होने वाली लाखों मौतों को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में, सभी उपस्थित लोगों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली।

# गाजियाबाद की नीलाया ग्रीन्स सोसाइटी के बाहर अज्ञात लोगों ने महिला पर किया हमला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित नीलाया ग्रीन्स सोसाइटी के रेजिडेंट्स के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना सामने आई है। रेजिडेंट्स की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, भावना चौहान नीलाया ग्रीन्ह में किराए पर रहती है।

बुधवार देरशाम करीब साढे दस बजे वे उनके पति नमन चौहान और बेटे अरीश चौहान के साथ सब्जी लेने निकले थे। तभी सोसाइटी के सामने वीर जी चाप की दुकान से कुछ लोग बाहर आए और उनके साथ दुर्व्यवहार करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उनके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही सोसाइटी से बडी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। लोगों का कहना है कि सोसाइटी के बाहर की दुकानों पर अक्सर अवांछनीय लोगों का जमावडा लगा रहता है।

ये गुंडे मवाली टाइप के लोग राह चलती महिलाओं को फब्तियां कसते हैं। शाम होते ही सोसाइटी से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। पीडिता भावना चौहान ने कहा कि उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# रामलीला के लिए विघ्न हर्ता श्री गणेश ने दिया राजनगर वालों को निमंत्रण और आशीर्वाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामलीला समिति राजनगर की ओर से गुरुवार को श्री गणेश शोभा यात्रा निकाली गई। इस भव्य शोभायात्रा में तरह तरह की अन्य झांकियां भी मौजूद रहीं। श्री गणेश जी की इस शोभा यात्रा का कई स्थानों पर भव्य स्वागत भी किया गया। सेक्टर 15 में जितेन्द्र यादव (पूर्व विधायक) के निवास पर स्वागत के पश्चात शोभा यात्रा सेक्टर 14 के चौराहे से होकर समिति के मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा के निवास से मुड़ कर इसके बाद सेक्टर 13 होते हुए सेक्टर 11 से सेक्टर 9 पहुंची जहां जगह-जगह श्री गणेश जी का स्वागत किया गया। वहां से सेक्टर 10 मार्केट से होते हुए वापस रामलीला मैदान में सम्पन्न हुई।

इस मौके पर समिति के संरक्षक जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, पार्षद प्रवीण चौधरी, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, सुन्दर लाल यादव, ब्रजमोहन सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल, अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, दीपक कांत गुप्ता, जेपी राणा सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# तीसरी मंजिल से गिरी घरेलू सहायिका

## मालकिन पर फेंकने का आरोप, आशा की हालत नाजुक



**नई दिल्ली।** आशा के मामा मोहन ने आरोप लगाया कि खबर मिली थी कि उनकी भांजी के साथ गलत काम करने के बाद उसे छत से नीचे फेंका गया है। उस पर चोरी का भी झूठा आरोप लगाया है। उनकी भांजी चोरी नहीं कर सकती है। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज इलाके में बुधवार शाम एक घरेलू सहायिका तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। गंभीर हालत में आशा (18) को एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

आशा के परिजनों ने उसकी मालकिन पर गंभीर आरोप लगाकर उसे जानबूझकर नीचे फेंकने का इल्जाम लगाया है। बृहस्पतिवार दोपहर गुस्साए परिजनों ने पटपड़गंज स्थित वरदान सोसाइटी के बाहर प्रदर्शन किया। भीड़ सोसाइटी के अंदर दाखिल होने का प्रयास कर रही थी। कई थानों की पुलिस मौके पर भेजी गई। बाद में उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को वापस भेजा गया। दरअसल कुछ लोगों ने अफवाह उड़ा दी थी कि आशा के साथ कुछ गलत करने के बाद उसे नीचे फेंक दिया गया है। वहीं जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि बुधवार को आशा की मालकिन ने उसे तीन हजार रुपये चोरी करते हुए पकड़ लिया था। डांटने पर आशा भागती हुई रसोई में गई और छोटी खिड़की से छलांग लगा दी। वारदात के समय घर में चार महिलाएं मौजूद थीं। पुलिस ने सभी के बयान लिए हैं। क्राइम टीम व एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पड़ताल की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, आशा परिवार के साथ गली नंबर-6, अल्लाह कॉलोनी, मंडावली में रहती थी। परिवार में मां देवकी रजक, शादीशुदा बहन रानी के अलावा एक भाई सोनू है। आशा पिछले करीब एक साल से पटपड़गंज के वरदान अपार्टमेंट में श्वेता करनानी (49) के यहां सुबह से शाम तक घरेलू सहायिका काम करती थी।

# पार्टी में विवाद के बाद जमानत पर छूटे युवक की तोड़ी गाड़ी, तीन आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा।** पर्थला के डूब क्षेत्र में मंगलवार रात पुराने विवाद में जेल से छूटे युवक की गाड़ी और उसके साथी के ऑफिस में तीन लोगों ने जमकर तोड़फोड़ की। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सात-आठ राउंड फायरिंग की सूचना दे दी।

हरकत में आई सेक्टर-113 थाना पुलिस ने घटनास्थल पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली। टीम ने साक्ष्य एकत्रित कर फायरिंग के आरोप से इनकार कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद तीनों को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया।

पर्थला के विकल यादव और अंकित के बीच 11 सितंबर को सेक्टर -24 के होटल में पार्टी के दौरान मामूली बात पर कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने घटना का संज्ञान लेकर विकल यादव को गिरफ्तार कर लिया।

15 सिंतबर को विकल जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया। मंगलवार रात वह पर्थला के डूब क्षेत्र में अपने दोस्त नितिन यादव के साथ आफिस में बैठा था। कुछ देर बातचीत के बाद विकल वहां से चला गया।

आरोप है कि उसके जाते ही अंकित अपने दो दोस्तों के साथ नितिन के आफिस में पहुंचा। वहां बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे लोहे की राड से तोड़ दिए। इसके बाद आफिस में भी जमकर तोड़फोड़ की। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई।

थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से पहचान के बाद टीम ने अंकित, मन्नू और अभय को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों लोग घटना के दौरान एक साथ थे। घटना के बाद आरोपित दूसरे जनपद में भागने की फिराक में थे। टीम ने सर्विलांस लोकेशन की मदद से तीनों को दबोच लिया।

# लोनी के गुलाब वाटिका में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लगाई जनचौपाल, जन समस्याओं का किया निस्तारण



## जनचौपाल में उठाए गए प्रमुख मुद्दे और समाधान

### विधायक ने गिनाईं लोनी की उपलब्धियां

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी में हुए विकास कार्यों पर जोर देते हुए कई उपलब्धियां गिनाईं :

**शिक्षा :** लोनी में पहले एक भी डिग्री कॉलेज नहीं था, लेकिन अब कन्या डिग्री कॉलेज बनकर तैयार है। इसके अलावा, क्षेत्र में दो इंटर कॉलेज और एक आईटीआई भी हैं।

**चिकित्सा :** नाईपुरा में 50 बेड का अस्पताल संचालित है, जिसे 100 बेड का करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कई डिस्पेंसरी और हेल्थ वेलनेस सेंटरों ने भी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया है।

**सड़कें और बुनियादी ढांचा :** दिल्ली–सहारनपुर मार्ग का निर्माण जल्द ही शुरू होने का आश्वासन दिया गया। देहरादून एक्सप्रेसवे का काम भी तेजी से चल रहा है। विधायक ने बताया कि बंद फाटक को भी जल्द ही खोला जाएगा, जिसके लिए निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं।

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने परशुराम नगर मंडल के गुलाब वाटिका में एक जनचौपाल का आयोजन किया, जहाँ उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी और छड़ी जैसी सहायक सामग्री भी वितरित की।

जनचौपाल में बिजली, राशन कार्ड, जल निकासी और कानून व्यवस्था से संबंधित शिकायतें सामने आईं। विधायक ने संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बिजली विभागः बलराज नगर और धोबी गली जैसे इलाकों में लटकते तारों की शिकायत पर विधायक ने अधीक्षण अभियंता को एक हफ्ते के भीतर इसे ठीक करने का आदेश दिया।

जल निकासी और सफाईः लोगों ने सफाई न होने और जल निकासी की समस्या भी बताई। इस पर विधायक ने अधिशासी अधिकारी को स्थानीय पार्षदों और नागरिकों के साथ बैठक करके समाधान निकालने के लिए कहा।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से लोनी में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क, पानी और कानून व्यवस्था जैसे क्षेत्रों में काफी सुधार हुआ है। जनचौपाल में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, पार्षद दल के अध्यक्ष रोहित भारद्वाज सहित कई स्थानीय नेता और सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे।

## शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश मल्होत्रा के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी अनुराग मिश्रा, डॉ. कार्तिक शर्मा , पुनीत पियूष भट्ट, पंकज नागर, दीपक भट्ट, सुरेन्द्र, मुकेश पाण्डेय और रेखा मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, महिला मोर्चा कार्यकर्ता एवं सहयोग ट्रस्ट से महिलाएं मौजूद रहीं।




### यहां बर्थ रेट में हाई हैं कलेंडर तो कहां से नाम रख दें वो नर-इंदर

बीएल वाले उस अस्पताल में पहुंचे जहां बीपीएल वालों की बर्थ रेट बढ़ जाती है। अब बीएल को क्या पता कि सरकार की योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ ही वो ले रहे हैं जिनके नाम साधु बाबा बोर्ड लगाकर बताना चाहते हैं। बहरहाल साऊथ वाले जीटी रोड के मेटरनिटी कक्ष में पहुंचे और प्रधान जी के बर्थडे पर सबको फल, शगुन का लिफाफा दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि बहुत से लोग अब अपने बच्चों का नाम उन्हीं के नाम पर रखेंगे जिनका आज बर्थ-डे है। इस बात पर फूल वाले तो साईलेंट रहे लेकिन अस्पताल वालों के चेहरे पर स्माईल आ गई। उन्होंने कान में ही जो कुछ जुबान से कहा उसे सुनकर सब मुस्कुराने लगे। उन्होंने कहा कि अब इन्हें कौन बताये कि ये सरकारी बस्ती है और यहां आज जो किलकारी गूंजी है उनमें कई तो कलंदर है। अब वो इनका नाम मौहम्मद नर-इंदर तो रखने से रहे। बाकी उनकी भी फीलिंग का अपना सम्मान है।

### उस मौहल्ले में आई लाईट तो होने लगी पार्षद के दावेदारों में क्रेडिट की फाईट

अजब सी कहानी उस शहर में चल रही है जहां लहर ने अपना पूरा प्रकोप दिखाया है। पता नहीं कैसे-कैसे और ऐसे-वैसों को भी जिताया है। अब मौहल्ले के वोटर इस बात से परेशान है कि ये सारे के सारे दावेदार लड़ क्यों रहे हैं। चार लाईट आती हैं और फाईट शुरू हो जाती हैं। एक्स पार्षद का तो गम ही ये है कि हाय हम अनुसूचित क्यों ना हुए वरना टिकट तो हम ही लेते और पार्षद भी हम ही बनते। मंडल वाले प्रधान को जब से प्रधान वाली गद्दी मिली है तब से उसकी उड़ान ही अब निगम वाली गद्दी पर है। वो विधायक जी के आगे पीछे डोल रहे हैं और मोहल्ले में सबसे बोल रहे हैं कि इस बार तो मुझे ही लड़ना है। इन सबके बीच में अगर कोई मिस्टर बेचारा है तो वो वो हैं जिनकी मैडम को टिकट मिला और अब ना कोई मैडम की सुन रहा है और ना कोई मिस्टर को कुछ मान रहा है। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि चार लाईट आती हैं और क्रेडिट की फाईट शुरू हो जाती है। हम ने लगवाई, हमने लगवाई के बीच में मौहल्ले वाले इस बात से परेशान हैं कि अजी किसी ने लगवाई लेकिन ये बीच में क्यों लेने लगते हैं हमारी गवाही। इस सीन में तीसरे दावेदार ने एन्ट्री मारी और कहा कि इस मौहल्ले वालों का ये खबर ही नहीं है कि वो लाईट को लेकर उलझ रहे है और दूसरे मौहल्ले वालों की इसी मौहल्ले पर नजर है और वहां वोटर लिस्ट को सामने रख कर कई समीकरण रोजाना सुलझ रहे हैं।

### करंट का है इतना ही सारांश, अब महकमें का काम रहेगा उसी के पास

नाली, सीवर, खडंजे वाला महकमा इन दिनों कुछ ज्यादा ही नाराज चल रहा है। वो चाहते हैं कि अंदर की बातें बाहर ना जायें और अंदर वाले हैं कि अगर बात बाहर ना पहुंचाये तो उनको खाना नहीं पचता है। सुना है कि सीवर वाले महकमें में करंट का किस्सा गूंज रहा है। कहने वाले ने कहा कि बात का अब सार समझो और इस बात का सारांश यही है कि अंश की बात छोड़ो लेकिन काम तो अब सारांश को ही देखना है। विभाग वाले ने कहा कि ये तो उनका भाग्य है कि उन्हें काम मिला है। वैसे भी करंट से लेकर लाईट तक कुछ ना कुछ चलता ही रहता है।

# 7 अक्टूबर को भव्यता से मनाई जाएगी महर्षि वाल्मीकि जयंती, नगर आयुक्त ने किया वाल्मीकि पार्क का निरीक्षण



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम गाज़ियाबाद ने आगामी 7 अक्टूबर को होने वाली महर्षि वाल्मीकि जयंती की तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नवयुग मार्केट स्थित वाल्मीकि पार्क का निरीक्षण कर अधिकारियों और समाज के पदाधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष भी पूर्व की भांति भव्य आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने उद्यान विभाग और निर्माण विभाग को विशेष रूप से सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए। पार्क की मरम्मत, सफाई अभियान और आवश्यक निर्माण कार्यों की योजना बनाने के लिए टीम को तुरंत कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा गया।

इस मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी मौजूद रहे। वाल्मीकि समाज की ओर से प्रदीप चौहान वाल्मीकि, अमित चंद्रा मास्टर, अशोक मकवाना, सतीश पर्चा, ओम पर्चा और अजय हितैषी सहित अन्य पदाधिकारियों ने तैयारियों को लेकर चर्चा की और हर वर्ष निगम द्वारा किए जाने वाले सहयोग के लिए नगर आयुक्त का आभार जताया।

नगर आयुक्त ने कहा कि अक्टूबर माह में नवरात्र, दीपावली और अन्य त्योहारों की श्रृंखला है, जिनकी भव्य तैयारियाँ निगम हमेशा की तरह करेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें।

# जीडीए में रेरा समाधान दिवस आयोजित 29 मामलों पर बनी सहमति, 9 का समाधान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित रेरा समाधान दिवस को बड़ी सफलता मिली है। इस आयोजन का उद्देश्य रेरा से जुड़ी समस्याओं का तेजी से समाधान करना है।

दूसरे रेरा समाधान दिवस में कुल 29 समझौता पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 9 मामलों का समाधान हो गया। कुल 24 शिकायतकर्ता उपस्थित हुए। उनकी शिकायतों को रिकॉर्ड में दर्ज करके संबंधित अधिकारियों को भेजा गया। राजेंद्र सिंह, खुशबू सिंघल, ऋचा सिंघल, पंकज गोयल और जयवीर सिंह जैसे कई आवंटियों ने समय पर समस्याओं का समाधान होने पर रेरा से अपने मामले वापस लेने पर सहमति जताई।

**नई ईमेल आईडीः** रेरा से संबंधित शिकायतों के लिए gdagzbreracell@gmail.comनाम से एक नई ईमेल आईडी बनाई गई है।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अधिकारियों को लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए हैं।

इंद्रप्रस्थ और अन्य योजनाओं में आवंटियों की समस्याओं को सुनने और हल करने के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आवंटियों के साथ संपर्क बनाए रखने का भी फैसला किया गया है रेरा समाधान दिवस अब हर महीने के तीसरे गुरुवार को आयोजित किया जाएगा, ताकि रेरा से जुड़े मामलों का लगातार समाधान होता रहे। यह पहल दिखाती है कि अगर आवंटियों की समस्याओं पर ध्यान दिया जाए, तो उन्हें रेरा में शिकायत दर्ज कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# पार्षद मदन राय के नेतृत्व में वार्ड 86 राजेंद्र नगर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 86 राजेंद्र नगर में पार्षद मदन राय के नेतृत्व में एक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें 500 मीटर तक सड़क के दोनों ओर सफाई की गई। इस अभियान में सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिए। पार्षद ने कार्यकर्ताओं ने करीब 700 सफाई मित्रों ने महास्वच्छता अभियान में श्रमदान करते हुए आस-पास के खाली प्लॉट, पार्क व मुख्य सड़क पर साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।


श्रमदान के पश्चात पौधरोपण कार्यक्रम के तहत सेक्टर-5 के अग्रसेन पार्क ने पौधरोपण किया। पार्षद मदन राय के प्रत्येक नागरिक की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा में शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाएं।

पार्षद ने कहा कि सेवा पखवाड़ा एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रवीण चौहान, अनिल गुप्ता, तेज प्रताप राणा, राजवीर सिंह, जसविंदर सिंह, सुभाष सुपरवाइजर आदि लोग मौजूद रहे।

# 4 करोड़ की लागत से चमकेगी वार्ड 68 बृज विहार की सड़कें : विनय चौधरी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार के वार्ड 68 में निगम पार्षद विनय चौधरी के प्रयासों से 4 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस कार्य की शुरूआत ए ब्लॉक से की जा रही है, जिससे क्षेत्र की सड़कों पर गड्ढों की समस्या दूर हो सके। गौरतलब है कि बृज विहार विहार में सड़कों पर गड्ढों की समस्या को लेकर लोगों में काफी आक्रोश था। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय निवासियों को गड्ढा मुक्त सड़कों की सुविधा मिलेगी, जिससे उनके आवागमन में आसानी होगी। निगम पार्षद विनय चौधरी ने क्षेत्र की समस्याओं को समझते हुए सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की पहल की है। इससे क्षेत्र के निवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और उनके जीवन में सुधार आएगा।



इस मौके पर पार्षद विनय चौधरी ने बताया कि रामलीला मैदान के बाउंड्री की मरम्मत व रंगी पुताई भी की है वहीं पार्कों में लगी स्ट्रीट लाइट को भी ठीक कराया जा रहा है हाई मार्क्स लाइट की मरम्मत कराकर चालू करी गई है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वार्ड में बरसात के पास विकास के कार्य सभी शुरू कर दिए गए हैं अब लोगों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा सेवा पखवाड़े के तहत वार्ड के सभी गली मोहल्ले में लोगों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिससे वार्ड स्वच्छ सुंदर बना रहे।

# सेन विहार वार्ड 27 में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने की पहल



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने पीएससी सेंटर सेन विहार वार्ड 27 में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में उनकी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों के लिए ब्लड शुगर और आंखों की मुफ्त जांच की। इस पहल के लिए स्थानीय लोगों ने ललित कश्यप को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर, कैंप में मौजूद महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। सभी महिलाओं ने प्रधानमंत्री को आशीर्वाद दिया और यह कामना की कि मोदी जी जैसा नेता ही देश का नेतृत्व करता रहे।

# गैस एजेंसी ठगी का भंडाफोड़ 30 लाख की साइबर ठगी का पर्दाफाश

## गाजियाबाद साइबर क्राइम पुलिस ने गैंग के 4 शातिरों को दबोचा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने गैस एजेंसी और नौकरी दिलाने के नाम पर देशभर में ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज और ठगी में इस्तेमाल सामान बरामद किया है। अब तक 7 राज्यों में 11 घटनाओं से लगभग 30 लाख रुपये की ठगी का खुलासा हुआ है। एडीसीपी क्राइम पीयूष ने जानकारी दी है राहुल यादव (34 वर्ष) : निवासी अकबरपुर बुजुर्ग, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक, शभुम गौतम (29 वर्ष) : ग्वालियर निवासी, वर्तमान पता सेक्टर-73, नोएडा, दीनेंद्र (36 वर्ष) : कासगंज निवासी रणवेंद्र कुमार (28 वर्ष) : अलीगढ़ निवासी, वर्तमान पता विजय नगर बाईपास तो वहीं गैंग का एक अन्य साथी विजय शर्मा फरार है।

### नामी कम्पनियों के नाम पर लगाते थे चूना

करंट क्राइम : आरोपी खुद को रिलायंस गैस, इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर लोगों से गैस एजेंसी और नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ठगते थे। फर्जी लेटर बनाकर व्हाट्सएप पर भेजते और दक्षिण भारत के लोगों को मुख्य टारगेट बनाते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने अब तक 700 से अधिक फर्जी गैस एजेंसी लेटर बनाए और देशभर में लाखों रुपये की ठगी की है।

### भारी मात्रा में हुई है बरामदगी

करंट क्राइम। पुलिस ने बताया है कि 11 मोबाइल फोन, 6 चेकबुक,1 पासबुक,8 एटीएम कार्ड, होंडा अमेज कार, 337 फर्जी गैस एजेंसी आवंटन लेटर मिले हैं।

# शातिर चेन लुटेरे बिल्लू और कृष्ण गिरफ्तार, दर्जनों मुकदमों में वांछित



### जल्द होगी सुनार की गिरफ्तारी

करंट क्राइम : बिल्लू पर गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट समेत लगभग 18 मुकदमे दर्ज हैं। कृष्ण पर भी हत्या, लूट और चैन स्नैचिंग सहित कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस फरार साथियों और चैन खरीदने वाले सरार्फा व्यापारी की तलाश कर रही है।

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** थाना वेव सिटी पुलिस ने चैन स्नैचिंग की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों के नाम बिल्लू और कृष्ण हैं। दोनों पर पहले से ही दर्जनों संगीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटी गई चैन, लॉकेट, घटना में प्रयुक्त बाइक, चोरी की मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

15 सितंबर को महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो युवक उसके गले से चैन (लॉकेट सहित) छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और 17 सितंबर को मुखबिर की सूचना पर दोनों को जयपुरिया ग्रीन सोसाइटी लिंक रोड से गिरफ्तार कर लिया।

एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया है कि बदमाशों से एक पीली धातु की चैन,एक पीली धातु का लॉकेट,स्प्लेंडर बाइक घटना में प्रयुक्त, स्प्लेंडर बाइक चोरी की, दो मोबाइल फोन मिले है। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथियों धीरज उर्फ डमरू और शिवम उर्फ गजराज के साथ मिलकर चैन स्नैचिंग और बाइक चोरी की घटनाएं करते थे। चोरी का माल गाजियाबाद के शांति नगर निवासी पप्पू सर्राफ को बेचते थे। आरोपियों ने यह भी कबूल किया कि 14 सितंबर को उन्होंने नंदग्राम इलाके से भी महिला की चैन छीनी थी।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पिलखुवा नगर पालिका चैयरमैन विभु बंसल का एक अंदाज यह भी है कि वह कभी भी कामों को नजर अंदाज नहीं करते। सबको साथ लेकर चलते हैं और उन्होंने पार्क में पहुंचकर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। पिलखुवा नगर पालिका चैयरमैन विभु बंसल ने अपनी इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# तुर्किये ने साइप्रस को चेताया इस्राइली एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने से बढ़ सकता है तनाव

**अंकारा ।** तुर्किये ने चेतावनी दी है कि साइप्रस की तरफ से इस्राइल से एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने का कदम द्वीप पर शांति और स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। तुर्किये रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि यह कदम द्वीप पर मौजूद नाजुक संतुलन को बिगाड़ सकता है और 'खतरनाक परिणाम' सामने ला सकता है। सूत्रों के मुताबिक, साइप्रस को हाल ही में इस्राइल निर्मित बराक एमएक्स इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति की गई है। यह आधुनिक सिस्टम 150 किलोमीटर की दूरी से दुश्मन के मिसाइल, ड्रोन और विमान को एक साथ इंटरसेप्ट करने की क्षमता रखता है। इससे साइप्रस की सुरक्षा क्षमता में बड़ी बढ़ोतरी होगी।



**तुर्किये ने चेतावनी दी है कि साइप्रस की तरफ से इस्राइल से एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने का कदम द्वीप पर शांति और स्थिरता को खतरे में डाल सकता है। तुर्किये रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि यह कदम द्वीप पर मौजूद नाजुक संतुलन को बिगाड़ सकता है**

### पुराने सोवियत हथियार के सहारे साइप्रस की सुरक्षा

अब तक साइप्रस के पास ज्यादातर पुराने सोवियत हथियार, जैसे बुक एम1-2 मिसाइल सिस्टम, ही मौजूद थे। लेकिन इस नए सिस्टम के आने से उसकी रक्षा प्रणाली काफी मजबूत हो जाएगी। साइप्रस के रक्षा मंत्री वासिलिस पामलास ने पिछले साल एक इंटरव्यू में कहा था कि साइप्रस का भौगोलिक स्थान बहुत संवेदनशील है। यह क्षेत्र युद्धग्रस्त मध्य पूर्व के पास स्थित है, इसलिए देश की रक्षा क्षमता बढ़ाना बेहद जरूरी है।

### 1974 से विभाजित है साइप्रस

साइप्रस 1974 से दो हिस्सों में बंटा हुआ है। उस समय ग्रीस समर्थित तख्तापलट के बाद तुर्किये ने साइप्रस के उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया था। द्वीप के दक्षिणी हिस्से में ग्रीक साइप्रस के लोग रहते हैं। उत्तरी हिस्से पर तुर्किये का प्रभाव है, जहां करीब 35,000 तुर्किये सैनिक तैनात हैं। 1983 में तुर्किये समर्थित उत्तरी साइप्रस ने खुद को स्वतंत्र घोषित किया था, लेकिन इसे सिर्फ तुर्किये ही मान्यता देता है।

# गाजा में इस्राइल के हमले तेज और अंदर घुसी सेना, शहर में फोन-इंटरनेट बंद

**यरुशलम ।** इस्राइल और हमास के बीच 23 महीनों से चल रहे संघर्ष में गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। इसके बावजूद इस्राइल का गाजा पर हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी सिलसिले में गाजा से एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गाजा सिटी में बुधवार को इस्राइली सेना ने अपनी टैंकों और सैनिकों को और अंदर भेज दिया है। इससे वहां के हालात और बिगड़ गए हैं। साथ ही, लगातार चल रहे हवाई हमलों और तोपखाने की बमबारी के चलते फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं, जिससे घायल लोगों की मदद के लिए एम्बुलेंस बुलाना और बचाव कार्य करना बहुत मुश्किल हो गया है। देखा जाए तो दिन-प्रतिदिन गाजा की हालत बेहद खराब होती जा रही है। शहर के करीब 90 फीसदी लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित जगह की ओर भाग चुके हैं। इस्राइल ने गाजा सिटी के दक्षिण में एक निकास मार्ग खोलकर लोगों को दो दिन के लिए सुरक्षित बाहर निकलने की अनुमति दी है। लेकिन फोन और इंटरनेट बंद होने से बाहर की दुनिया से संपर्क करना मुश्किल हो गया है और इससे राहत कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



### फलस्तीनी नेता ने अमेरिका पर लगाए गंभीर आरोप

दूसरी ओर गाजा में इस हमले के बीच फलस्तीनी नेता गाजी हमद ने पहली बार सार्वजनिक रूप से कहा कि अमेरिका मध्यस्थता में पक्षपात कर रहा है। साथ ही हमद ने ये भी कहा कि अमेरिका इस संघर्ष में इस्राइल का साथ दे रहा है। कतर ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की है और इसे फलस्तीनियों के खिलाफ नरसंहार बताया है।

# भारत-अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग का नया अध्याय

## चंद्रमा और मंगल मिशन में साथ आएंगे दोनों देश

**वॉशिंगटन ।** भारत और अमेरिका के बीच इन दिनों रिश्तों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे है। जहां एक तरफ राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ के चलते दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भारत और अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग के दिशा में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। इस बात का संकेत अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में दोनों देशों ने दिया। यह आयोजन 'भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोगः भविष्य की साझेदारी की सीमाएं' नाम से सोमवार को इंडिया हाउस में हुआ, जिसमें दोनों देशों के अधिकारियों और अंतरिक्ष यात्रियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि इस कार्यक्रम में नासा-इसरो के संयुक्त उपग्रह निसार मिशन और एक्सिओम मिशन-4 का जश्न मनाया गया, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक भेजा गया था। कार्यक्रम में अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, निक हेग और बुच विलमोर ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हिस्सा लिया और अंतरिक्ष जीवन के अनुभव साझा किए।



### क्या बोले अमेरिका में भारतीय राजदूत

वहीं इस मामले में भारत के अमेरिकी राजदूत विनय क्वात्रा ने इसे विज्ञान, तकनीक और वाणिज्यिक साझेदारी के लिए एक मजबूत मंच बताया। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब कम लागत में बड़ी उपलब्धियों के लिए जाना जाता है और अमेरिका के साथ यह सहयोग मानव अंतरिक्ष मिशन की सीमाओं को आगे बढ़ाएगा।

# बीएलए और मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग

**न्यूयॉर्क ।** पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि आईएसआईएल-के, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और उसकी मजीद ब्रिगेड सहित कई आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान से संचालित हो रहे हैं। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी सीमा के पार अफगानिस्तान में 60 से ज्यादा आतंकी शिविर संचालित हो रहे हैं।



पाकिस्तान वर्तमान में सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि अहमद ने कहा, 'पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से 1267 प्रतिबंध समिति को बीएलए और मजीद ब्रिगेड को प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया है। हमें उम्मीद है कि परिषद उनकी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई करेगी।' पाकिस्तान वर्तमान में 15 देशों की सुरक्षा परिषद में 2025-26 के कार्यकाल के लिए एक अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल है, जबकि चीन इस शक्तिशाली निकाय का वीटो-अधिकार प्राप्त स्थायी सदस्य है। बीएलए का आत्मघाती दस्ता है मजीद ब्रिगेड पाकिस्तान 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और आतंकवाद-रोधी समिति का उपाध्यक्ष भी है।

**पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है**

# बाहरी ताकतों के हस्तक्षेप पर ताइवान पर फिर सख्त हुआ चीन, रक्षा मंत्री ने दी खुली धमकी

**बीजिंग ।** चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन ने गुरुवार को बीजिंग में आयोजित शियांगशान सुरक्षा मंच का उद्घाटन करते हुए ताइवान को लेकर एक बार फिर कड़े बयान दिए। उन्होंने साफ कहा कि ताइवान का ह्लपुनर्स्थापन चीन का हिस्सा है और इसे लेकर किसी भी स्वतंत्रता की कोशिश को चीन कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बयान ने क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा दिया है। अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में डोंग जुन ने कहा कि ताइवान पर चीन का दावा युद्धोत्तर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का हिस्सा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ताइवान स्वतंत्रता की ओर बढ़ा या बाहरी ताकतों ने हस्तक्षेप किया तो चीन सख्ती से जवाब देगा। चीन का रुख बीजिंग ताइवान को अपना अलग हुआ प्रांत मानता है। 1949 से यह द्वीप स्वतंत्र रूप से संचालित है और वहां 2.3 करोड़ लोग रहते हैं। चीन ताइवान पर सैन्य दबाव बनाए रखने के लिए लगभग रोजाना युद्धपोत और विमान भेजता है। चीन ने अभी तक ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल प्रयोग से इनकार नहीं किया है। ताइवान की प्रतिक्रिया ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी बीजिंग के दावों को खारिज करते हैं। उनका कहना है कि ताइवान एक स्वतंत्र और संप्रभु देश है और उसका भविष्य वहां की जनता तय करेगी। अमेरिका पर अप्रत्यक्ष हमला डोंग जुन ने अपने भाषण में अमेरिका का नाम तो नहीं लिया।



**चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन ने गुरुवार को बीजिंग में आयोजित शियांगशान सुरक्षा मंच का उद्घाटन करते हुए ताइवान को लेकर एक बार फिर कड़े बयान दिए। उन्होंने साफ कहा कि ताइवान का ह्लपुनर्स्थापन चीन का हिस्सा है और इसे लेकर किसी भी स्वतंत्रता की कोशिश को चीन कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस बयान ने क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा दिया है**

# बांग्लादेश चुनाव आयोग ने शेख हसीना का वोटर कार्ड किया लॉक, आम चुनाव में वोटिंग से रहेंगी वंचित

**ढाका ।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में आम चुनाव होने है। इसके मद्देनजर देशभर में तैयारी तेज हो चुकी है। दूसरी ओर इस मामले में अब बांग्लादेश चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला सुनाया है। आयोग ने बुधवार को घोषणा की कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) लॉक कर दिया गया है, जिससे वह आगामी फरवरी 2025 के आम चुनाव में वोट नहीं दे सकेंगी। चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने बताया कि जिनका एनआईडी कार्ड लॉक होगा, वे विदेश से वोट नहीं दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि हसीना का वोटर कार्ड लॉक हो चुका है। हालांकि मामले में अख्तर अहमद ने अन्य नामों का जिक्र तो नहीं किया, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हसीना की बहन शेख रिहाना, बेटे साजिब वाजेद जॉय और बेटी सैमा वाजेद पुतुल के भी वोटर कार्ड लॉक या ब्लॉक किए गए हैं।



इसके अलावा रिहाना के बच्चे, उनके ससुराल वाले और हसीना के पूर्व सुरक्षा सलाहकार मेजर जनरल तारिक अहमद सिद्दिकी और उनके परिवार के भी वोट देने से रोक लगा दी गई है। इसको लेकर चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि जो लोग न्याय से बचने के लिए विदेश भाग गए हैं, वे अभी भी वोट दे सकते हैं यदि उनका एनआईडी कार्ड सक्रिय है। कैसे बांग्लादेश छात्र आंदोलन ने बदली तस्वीर? बता दें कि बीते साल पांच अगस्त 2024 को छात्रों के हिंसक आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार गिरा दी गई थी, जिसके बाद उन्हें भारत भागना पड़ा था। इसके बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व संभाला और शेख हसीना समेत अन्य नेताओं के खिलाफ गंभीर आरोपों की जांच के लिए पार्टी की गतिविधियां रोक दीं। शेख हसीना पर बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में गैरहाजिरी में मुकदमा चल रहा है, जहां उनपर 2024 के जुलाई के आंदोलन में मानवता के खिलाफ अपराधों का आरोप है। ऐसे में अधिकांश वरिष्ठ अवामी लीग नेता अब भूमिगत या निर्वासन में हैं।

# स्टारबक्स कर्मचारियों ने ड्रेस कोड को लेकर कंपनी पर ठोका मुकदमा

**वॉशिंगटन ।** स्टारबक्स के नए ड्रेस कोड ने कर्मचारियों में असंतोष भड़का दिया है। अमेरिका के तीन राज्यों के कर्मचारियों ने कंपनी के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कंपनी ने ड्रेस कोड बदलते समय कर्मचारियों को नए कपड़े खरीदने के लिए बाध्य किया, लेकिन खर्च की भरपाई करने से इनकार कर दिया। मुकदमे इलिनॉय और कोलोराडो की अदालतों में दाखिल किए गए, जबकि कैलिफोर्निया में शिकायत दर्ज की गई है। स्टारबक्स ने 12 मई से नया ड्रेस कोड लागू किया है। इसके तहत सभी कर्मचारियों को ठोस काले रंग की शर्ट पहननी होगी, जो कंपनी की हरी एप्रन के नीचे साफ दिखाई दे। इसके अलावा खाकी, काले या नीले रंग की जींस या पैंट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है।



जूतों पर भी कड़े नियम लागू किए गए हैं। कंपनी का कहना है कि बदलाव का मकसद ग्राहकों को एक समान अनुभव देना है। कर्मचारियों का विरोध कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें अपने पैसे से नए कपड़े खरीदने पड़े। कैलिफोर्निया की छात्रा और स्टारबक्स कर्मचारी ब्रुक एलेन ने बताया कि उसे सिर्फ जूते के लिए 60 डॉलर खर्च करने पड़े और कपड़ों पर करीब 87 डॉलर अलग से। उसने कहा, कंपनी यह समझने में नाकाम रही कि हममें से कई लोग पहले से ही वेतन-से-वेतन पर जी रहे हैं। विवाद पर कंपनी ने साधी चुप्पी स्टारबक्स ने सीधे मुकदमों पर प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन बयान में कहा कि ड्रेस कोड को सरल बनाकर कर्मचारियों को स्पष्ट मार्गदर्शन दिया गया है। कंपनी ने बताया कि बदलाव लागू करने से पहले कर्मचारियों को मुफ्त में दो शर्ट दी गईं। स्टारबक्स अपने कर्मचारियों को पार्टनर्सह्व कहता है और कंपनी का दावा है कि यह कदम कार्यस्थल पर एकजुटता और अनुशासन बढ़ाने के लिए उठाया गया। कानून का उल्लंघन मुकदमों में आरोप है कि स्टारबक्स का यह ड्रेस कोड उन राज्य कानूनों का उल्लंघन करता है।

# उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया के तट पर डूबी नाव

**काहिरा ।** लीबिया के तट के पास रविवार को एक नाव हादसे में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह नाव सूडान के शरणार्थियों को लेकर ग्रीस जा रही थी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने गुरुवार को जानकारी दी कि नाव में अचानक आग लग गई और वह डूब गई। यह हादसा लीबिया के पूर्वी तट पर तोब्रुक शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर समुद्र में हुआ। आईओएम के मुताबिक, इस नाव में कुल 75 शरणार्थी सवार थे। अब तक 24 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बाकी लापता हैं।

शव बरामद करने का प्रयास जारी लीबिया रेड क्रेसेंट ने सोमवार को बताया कि उसे तोब्रुक के अधिकारियों से आपातकालीन कॉल मिली थी। इसके बाद बचावकर्मी कम्बोट बीच (तट से 60 किलोमीटर पश्चिम) और काबेस क्षेत्र (तट से 90 किलोमीटर पूर्व) से शव बरामद कर रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि मिले शव उसी डूबी हुई नाव के यात्रियों के हैं या नहीं। लीबिया- प्रवासियों के लिए



**लीबिया के तट के पास रविवार को एक नाव हादसे में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह नाव सूडान के शरणार्थियों को लेकर ग्रीस जा रही थी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने गुरुवार को जानकारी दी कि नाव में अचानक आग लग गई और वह डूब गई। यह हादसा लीबिया के पूर्वी तट पर तोब्रुक शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर समुद्र में हुआ।**

खतरनाक रास्ता

लीबिया लंबे समय से युद्ध और गरीबी से भाग रहे अफ्रीका और मध्य पूर्व के लोगों के लिए यूरोप जाने का प्रमुख रास्ता रहा है। यहां से प्रवासी समुद्र के रास्ते इटली या ग्रीस पहुंचने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह यात्रा बेहद खतरनाक होती है। नावें अक्सर ओवरलोड होती हैं और खराब मौसम या तकनीकी खराबी के कारण डूब जाती हैं।

पहले भी हुए बड़े हादसे इस महीने की शुरूआत में लीबिया के तट के पास एक नाव पलट गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और 22 लोग लापता हो गए थे। उस समय नाव में 32 प्रवासी सवार थे, जिनमें से नौ लोगों को बचा लिया गया था। दिसंबर 2024 में भी पश्चिमी लीबिया के तट पर एक बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 61 प्रवासी, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, डूब गए थे। आईओएम के मिसिंग माइग्रेंट्स प्रोजेक्ट के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले आठ महीनों में लीबिया के तट पर कम से कम 434 प्रवासियों की मौत हुई है, जबकि 611 लोग अब भी लापता हैं।

लीबिया में अस्थिरता की वजह लीबिया में यह संकट 2011 में शुरू हुआ, जब नाटो समर्थित विद्रोह में लंबे समय तक शासन करने वाले तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से हटाकर मार दिया गया।

# सेवा पखवाड़ा के तहत गाजियाबाद में भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने डाला पीएम के विजन पर प्रकाश








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्ट्रेट सभागार, राजनगर में भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर





आशा शर्मा, महामंत्री सुशील गौतम, पप्पू पहलवान, सुशासन प्रमुख तरुण शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पार्षद सुरेंद्र नागर, गौरव चोपड़ा, पार्षद कपिल वशिष्ठ, विनोद कसाना, कृष्ण त्यागी, नीरज त्यागी, विनीत शर्मा, ऋचा भदौरिया, प्रीति चंद्रा, रेणु चंदेला, अंजना त्यागी, सिमी त्यागी आदि की मौजूदगी में किया।

इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन सफर, राष्ट्र निर्माण में योगदान, देश के विकास में किए गए ऐतिहासिक कार्यों तथा विश्व पटल पर भारत की बढ़ती उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने राजनीति को सेवा और राष्ट्रहित की साधना बना दिया है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने इसे प्रधानमंत्री की तपस्या, त्याग और समर्पण को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास बताया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता और गौरव का नया इतिहास रचा है। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि यह प्रदर्शनी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### जनता के लिए खुली रहेगी प्रदर्शनी

**करंट क्राइम।** यह प्रदर्शनी आगामी दिनों तक आम जनता के लिए खुली रहेगी, ताकि लोग प्रधानमंत्री मोदी के जीवन और राष्ट्रहित में उनके योगदान को नजदीक से जान और समझ सकें।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि कभी मिले बसंत भैया तो उनसे करना उस मीटिंग का जिक्र? जिसमें उनको बनाया गया था मुख्य अतिथि? करनी थी उसमें उन्हें अपने शब्दों से पार्टी के कार्यक्रमों की फिक्र? मगर सुना है उनके हाथ में सामने वाले ने कुछ ज्यादा देर के लिए आने ही नहीं दिया माईक? वो खुद एक घंटा पूरे उद्बोधन से पूरे कार्यक्रम को पी गये? नहीं छोड़ी कुछ भी उन्होंने बसंत भैया के लिए कुछ भी कहने को बात? आप करोगे ना जब उनसे ये सवाल, देखना उनके चेहरे पर आ जायेगी मुस्कुराहट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि किसी भी एसोसिएशन का गठन माना जाता है तभी वैध? जब डिप्टी रजिस्ट्रार की लगती है उस पर मुहर? मगर हमारे पार्षदों ने जो एसोसिएशन बनाई है, हम तो पूछ रहे हैं उसी पर सवाल? क्या उन्होंने रखा है इस बात का ख्याल? कहने वाले ने कहा जब संवैधानिक रूप से जनता के वोट लेकर की है सबने जीत दर्ज? तब एसोसिएशन का भी रजिस्ट्रेशन कराना चाहिए? नहीं तो इस तरह से एसोसिएशन बनाने से नहीं पड़ता है कोई फर्क?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि छोटी-छोटी बातों को अक्सर हमारे पार्षदों की नवगठित एसोसिएशन लाती है बाहर? सुना है कि कलैक्ट्रेट पर जाकर मिले थे एक प्रशासनिक अधिकारी से? लगाई थी इन्होंने आज के कार्यक्रम को लेकर सीएम से मिलने की गुहार? मगर पता चला है हमें, शायद इन्होंने नजर बंदी के चक्कर में त्याग दिया ये वाला विचार? सुना है मुलाकात तो इन्होंने की है? मगर इस मुलाकात के ज्ञापन और फोटो को इन्होंने आने नहीं दिया है बाहर? जो भी हो ये इनका फैसला है, ये इनका है विचार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि दे रहा हूं आपको एक जानकारी? कोई शख्स है, जो है चौकी पर भारी? सुना है ये शख्स तरीके से मांस बेचने वाले ठेली विक्रेताओं को अपने क्षेत्र में रखता है रोल? कोई भी इनके खिलाफ नहीं पाता है बोल? सुना है, सुनाकर माहौल फिर ये दिखाते हैं भकौल? फिर ना जाने क्यों ऑफिस आकर मिलने का निमंत्रण देते हैं? आप ही समझ सकते हो इस मिलने के पीछे क्या होता है रोल?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ तो ऐसी हुई बात? जब एमएमजी हॉस्पिटल पहुंचे महाराज और हो गये किसी बात पर नाराज? सुना है उनके आगमन का वीडियो मित्तल जी बना रहे थे लाईव? मगर घटना कुछ ऐसी घटी कि लाईव वीडियो को उन्होंने कर दिया आईस-पाईस? पता चला है मुख्य वाले मंच पर नहीं थी महाराज जी की नेमप्लेट? बस इसी वजह से हो गये वो नाराज? कहने वाले ने कहा कार्यक्रम बनाने वालों को इस बात का इंतजाम करना चाहिए था? कि वो आम नहीं बल्कि आदमी हैं बहुत ही खास?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम हमने देखा स्टेडियम में गर्ग साहब के साथ मिस्टर पहलवान के मैदान के खेल निरीक्षण वाला नजारा? तब हमारे दिल की आवाज ने अंदर से पुकारा? उस आवाज ने कहा कि अगर इस मौके पर संगठन की दृष्टि से खेल देखने वाले मिस्टर नागर भी होते विराजमान? तब मजबूत जाता उनका भी पैगाम? कहने वाले ने कहा हो सकता है कोई गागर में सागर भरना ही ना चाहता हो? इसलिए चेहरे का याद ही नहीं रखा गया नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मंत्री जी की मीटिंग में कुछ तो हुई है गहन बात? हमें लग रहा है इस मीटिंग में ऐसा हुआ है जिसकी बाहर नहीं आनी चाहिए बात? सुना है बृज वाले एरिया केभगवा मैम्बरों और भगवा कमिश्नरों के साथ मंत्री की ने की थी मीटिंग? मीटिंग में सबकी थी 100%सिटिंग? पता चला है मीटिंग के दौरान सभी के थे फोन बंद? अंदर क्या चल रहा था बाहर इस बात को जानने के लिए मचा हुआ था द्वंद? कहने वाले ने कहा कभी ना कभी तो बाहर आयेगा इस गोपनीय बैठक का कोई ना कोई छंद?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि संजय नगर वाली रामलीला के विवादों को देखकर? लगातार युवा क्रान्तिकारी त्यागी चेहरे के सीने में उठ रही है आग? सुना है वो किसी से कह रहे थे दो जनप्रतिनिधि खुद को समुंदर समझ बैठे थे? समय आने पर करा देंगे हम उनको उनकी हदों का एहसास? जो हमारे वालों के क्षेत्र में दखल डालेगा? उस पर फिर गिरेगी हमारी नाराजगी की गाज? हम जिससे मोहब्बत करते हैं, उसके हैं? ठुकराना जानते हैं उसके लिए तख्त औ ताज?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही चोटी वाले त्यागी जी को संगठन वाले नहीं दे रहे हो भाव? मगर उनके टेलेंट को निखारने का हर वक्त चलते हैं भगवा कमांडर दांव? हमने देखा भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री संतोष जी के कार्यक्रम में उन्होंने चुटिया वालों को सौंपी मंच संचालन की जिम्मेदारी? दे दिया संदेश कार्यकर्ता को हमेशा मौकादेना चाहिए? भले ही उसका वक्त चल रहा हो कितना ही भारी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था कलैक्ट्रेट में चल रही प्रदर्शनी में मौजूद? यहां पर एक नजारा दिखा बहुत ही खूब? प्रशासन वालों ने बिछाई हुई थी लिमिटेड संख्या में सीट? मगर मौके पर मंत्री जी जब पहुंचे, उनके साथ बहुत सारे वरिष्ठ मुझे दिखाई दे रहे थे एकदम ठीक? यहां पर मंत्री जी ने दिया बड़े दिल का पैगाम? उन्होंने अपना उद्बोधन खड़े-खड़े दे दिया, नहीं हुए सीट पर विराजमान? कहने वाले ने कहा राजनीति का ये अंदाज, हमको हमेशा देता आया है अलग से स्थान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# सांसद अतुल गर्ग ने दिया खेल महोत्सव का निमंत्रण

## महामाया स्टेडियम में सुबह पहुंचे समिति पदाधिकारी





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** शहर का महामाया स्टेडियम जल्द ही खेल महोत्सव की गहमागहमी से गूंजेगा। इसी तैयारी को लेकर शनिवार सुबह 6:30 बजे सांसद अतुल गर्ग खेल समिति के संयोजक पप्पू पहलवान, विपिन गोयल, बृजेश खिलाड़ी और राजेंद्र मित्तल के साथ स्टेडियम पहुँचे। सांसद अतुल गर्ग ने औपचारिक रूप से महोत्सव का निमंत्रण देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने खेल समिति की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें भाग लेने की अपील की। खेल समिति के संयोजक पप्पू पहलवान ने बताया कि महोत्सव खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच बनेगा और खेलों के जरिए समाज में भाईचारे का संदेश जाएगा। खेल समिति का दावा है कि महामाया स्टेडियम में यह आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से किया।

# डीएम ने दिलाई राहत, लोनी में सील की गई संपत्ति को खोलने के दिए निर्देश

## सचिन कुमार वर्मा की आपत्ति पर तत्काल संज्ञान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र की रेल विहार कॉलोनी में डेढ़ साल से सील की गई एक मकान पर आखिरकार न्याय मिला। जिलाधिकारी गाजियाबाद ने सोमवार को सचिन कुमार वर्मा की आपत्ति पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित संपत्ति को सीलमुक्त करने के निर्देश जारी कर दिए। प्रकरण के अनुसार सचिन कुमार वर्मा पुत्र स्व. रामसिंह वर्मा की विधिक स्वामित्व वाली संपत्ति बी-129, रेल विहार, लोनी को दिसंबर 2023 में अधिकारियों ने गलत ढंग से कुर्क कर सील कर दिया था। जबकि यह कार्रवाई वास्तव में एक अन्य व्यक्ति शशि प्रकाश सिंह के खिलाफ पारित आदेश के अनुपालन में की जानी थी।

सचिन कुमार वर्मा ने इस अवैध सीलिंग के खिलाफ लगातार न्यायालयों और अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाई। विभिन्न स्तरों की सुनवाई के बाद भी जब राहत नहीं मिली तो उन्होंने जिलाधिकारी गाजियाबाद को आपत्ति प्रेषित की। डीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित संज्ञान लिया और निष्पक्ष जांच के बाद संपत्ति को सीलमुक्त करने के निर्देश पारित कर दिए। इससे प्रार्थी को बड़ी राहत मिली है।

# विधायक अजीत पाल त्यागी को जागृति विहार मुख्य सड़क निर्माण के लिए सौंपा गया ज्ञापन



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी को ज्ञापन सौंपकर जागृति विहार मुख्य सड़क के निर्माण की मांग की। अध्यक्ष विपिन गोयल और चेयरमैन प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि सेक्टर 23 से गुलधर फाटक तक की सड़क लंबे समय से जर्जर है, जिससे स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महामंत्री हरीश शर्मा ने बताया कि टूटी सड़कों के कारण यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बबलू सिंह, उपाध्यक्ष केके शर्मा, उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया, चीकू भाई, अमरेश तिवारी सहित अनेक व्यापारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। व्यापार मंडल ने विधायक से शीघ्र सड़क निर्माण कराने और कार्य की गुणवत्ता व स्थायित्व सुनिश्चित करने की मांग की।

# डॉ. अनिल अग्रवाल ने की केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट

## गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के विकास पर चर्चा



**नई दिल्ली/गाजियाबाद।** गाजियाबाद से पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने दिल्ली स्थित रेल भवन में भारत सरकार के रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान डॉ. अग्रवाल ने गाज़ियाबाद रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों को तेज गति से पूरा करने और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने रेलवे कैटरिंग सेवाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डॉ. अग्रवाल द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. अग्रवाल के साथ उनके प्रतिनिधि राहुल गोयल भी उपस्थित रहे।

# 'डिफेंस वॉरियर्स पीजीएफ' संस्था भंग, निजी लाभ के लिए नाम के दुरुपयोग का आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय पर्वों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बनाई गई 'डिफेंस वॉरियर्स पीजीएफ' नामक अपंजीकृत संस्था को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट के निवासियों द्वारा स्थापित इस समूह के सदस्यों ने यह फैसला संस्था के नाम के कथित दुरुपयोग के बाद लिया है। समूह के सदस्यों ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर बताया कि कुछ व्यक्तियों ने अपने निजी लाभ के लिए इस नाम का गलत इस्तेमाल किया है। सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यह कार्य उनकी जानकारी या अनुमति के बिना किया गया था, जिसके कारण उन्हें यह कड़ा कदम उठाना पड़ा। सूचना में यह भी कहा गया है कि अब इस संस्था के नाम या लेटरहेड पर किया गया कोई भी पत्राचार अमान्य माना जाएगा। इसके साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया है कि श्री शुक्ला, श्री बी.के. भट्ट, श्री एम.एस. चौहान और श्री एन.बी. जोशी का इस संस्था से कभी कोई संबंध नहीं रहा है।

इस सूचना पर विंग कमांडर योगेश शर्मा, कमांडर उदल सिंह, विंग कमांडर श्री चाटर्जी, कैप्टन डी.पी. सिंह और 10 अन्य सदस्यों के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने खुद को 'अधोहस्ताक्षरी सदस्य, डिफेंस वॉरियर्स ग्रुप' बताया है।

# राहुल विहार को मिली विधायक संजीव शर्मा की सौगात, विकास कार्यों की हुई शुरुआत







**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने गुरुवार को वार्ड 2 राहुल विहार में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों में संतोष और उत्साह देखने को मिला। विधायक ने सत्यपाल के मकान से मनोज भाटी के मकान तक सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य की शुरूआत की, जिसकी लागत लगभग 9.99 लाख रुपये है। इसके साथ ही मुख्य मार्ग से स्कूल तक सीसी रोड निर्माण कार्य भी शुरू हुआ, जिसकी अनुमानित लागत 7.86 लाख रुपये है। इन दोनों परियोजनाओं के पूरा होने से स्थानीय लोगों को लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि जल्द ही वार्ड में और भी विकास कार्य शुरू किए जाएंगे।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा, गाज़ियाबाद शहर का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। हर वार्ड तक बुनियादी सुविधाएँ पहुँचाना मेरा लक्ष्य है। राहुल विहार में शुरू हुए कार्य इसी दिशा में एक और कदम हैं।

# सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल की छात्रा लक्ष्मी ने दौड़ में जीते स्वर्ण और रजत पदक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल की कक्षा छह की छात्रा लक्ष्मी ने खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। सी.बी.एस.ई. द्वारा नॉर्थ जोन-1 इटावा में आयोजित प्रतियोगिता में, लक्ष्मी ने 3000 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक और 1500 मीटर की दौड़ में रजत पदक जीतकर बड़ी सफलता हासिल की है। सबसे खास बात यह है कि अंडर-19 श्रेणी में सबसे कम उम्र की प्रतियोगी होने के बावजूद, लक्ष्मी ने न सिर्फ.पदक जीते बल्कि पहला स्थान भी हासिल किया। इस जीत के साथ ही उन्होंने बनारस में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी जगह भी पक्की कर ली है। लक्ष्मी की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय निर्देशिका सविता गुप्ता और प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने उन्हें बधाई दी है। प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने कहा कि लक्ष्मी का यह प्रदर्शन उसके अटूट समर्पण, अथक मेहनत और अदम्य दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय हमेशा ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करता रहेगा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# जिस टोक्यो में जीता था ओलंपिक स्वर्ण, वहां से खाली हाथ लौटे नीरज चोपड़ा, सचिन यादव चमके

### - वालकोट ने 88.16 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। नीरज इस चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरे थे, लेकिन उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से आठवें स्थान पर रहे। भारत के एक अन्य एथलीट सचिन यादव भले ही पदक अपने नाम नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने चमक बिखेरी और 86.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से चौथे स्थान पर रहे।

भारत के नीरज चोपड़ा ने पहले प्रयास में 83.65 मीटर का थ्रो किया। नीरज ने अच्छी शुरूआत की और पहले प्रयास में अरशद नदीम से आगे रहे। भारत के एक अन्य भाला फेंक एथलीट सचिन यादव ने शानदार शुरूआत की और 86.27 मीटर का थ्रो किया और वह पहले प्रयास में वह दूसरे स्थान पर रहे। पहले प्रयास में सचिन ने अपने आदर्श नीरज को पीछे छोड़ा। नीरज ने दूसरे प्रयास में 84.03 मीटर का थ्रो किया जो उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पहले प्रयास में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सचिन दूसरे प्रयास में फाउल कर बैठे।







### वालकोट ने जीता स्वर्ण पदक

त्रिनिदाद एंड टोबेगो के केशोर्न वालकोट ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में 88.16 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एंडरसन पीटर्स ने 87.38 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ने 86.67 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से कांस्य पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलंपिक के चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।

### चौथे प्रयास में थमा नदीम का सफर

पाकिस्तान के अरशद नदीम ने दूसरे प्रयास में फाउल के बाद तीसरे प्रयास में 82.75 मीटर का थ्रो किया, जबकि भारत के नीरज ने फाउल किया। भारत के एक अन्य एथलीट सचिन यादव ने तीसरे प्रयास में 85.71 मीटर का थ्रो किया। सचिन ने पहले तीन थ्रो में अच्छा प्रदर्शन किया। शीर्ष 10 एथलीटों ने चौथे प्रयास के लिए क्वालिफाई किया और सबसे पहले पाकिस्तान के अरशद नदीम आए, लेकिन वह उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और उन्होंने चौथे प्रयास में फाउल किया। पाकिस्तान के पेरिस ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम का सफर चौथे प्रयास में ही समाप्त हो गया। नीरज ने इस प्रयास में 82.86 मीटर का थ्रो किया। भारत के सचिन यादव ने 84.90 मीटर का थ्रो किया।

### पदक से चूके सचिन

नीरज भले ही बाहर हो गए, लेकिन भारत के सचिन यादव ने पांचवें प्रयास में भी प्रभावित किया और 85.96 मीटर का थ्रो किया। सचिन के पास अंतिम प्रयास में पदक जीतने का मौका था, लेकिन 80.95 मीटर का थ्रो किया और वह 86.26 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। सचिन पदक हासिल नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और अपनी पहचान बनाई। सचिन का यह प्रदर्शन उनका निजी सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा।

### पांचवें प्रयास में नीरज का सपना टूटा

नीरज का विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह पांचवें प्रयास में फाउल कर बैठे। चौथे प्रयास के बाद नीरज आठवें स्थान पर थे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए इस प्रयास में शीर्ष छह में जगह बनाना जरूरी था, लेकिन नीरज फाउल कर बैठे जिस कारण उनका सफर समाप्त हो गया। नीरज ने टोक्यो में ही ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था और वह यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण का बचाव करने उतरे थे, लेकिन इसमें सफल नहीं हुए। नीरज के लिए यह प्रदर्शन काफी निराशाजनक है क्योंकि वह अंतिम प्रयास तक भी नहीं पहुंच सके। नीरज अगर यहां अपने स्वर्ण का बचाव करने में सफल होते तो वह ऐसा करने वाले दुनिया के तीसरे एथलीट बन जाते।

# पीवी सिंधू चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, चोचुवोंग पर दर्ज की आसान जीत

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए चाइना मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। सिंधू ने थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को सीधे गेम में 21-15, 21-15 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 41 मिनट चला। इस जीत के साथ सिंधू ने थाई खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 6-5 कर लिया। वहीं, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।



### अगला मुकाबला टॉप सीड से!

क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना कोरिया की शीर्ष वरीय एन से यंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। यह मुकाबला सिंधू के लिए कड़ा हो सकता है क्योंकि एन से यंग दुनिया की टॉप बैडमिंटन खिलाड़ी मानी जाती हैं।

### जीत के बाद बोलीं सिंधू


हाल में हांगकांग ओपन के पहले ही दौर में बाहर होने वाली सिंधू ने इस जीत को आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरूआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद जरूरी था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में ज्यादा सतर्क थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।'

उन्होंने आगे कहा कि क्वार्टर फाइनल के लिए उन्हें और तैयारी करनी होगी। सिंधू ने कहा, 'सीधे गेम में जीत हमेशा आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होता है और यह सुनिश्चित करना होता है कि आप तेजी से आगे बढ़ें।'

### सात्विक और चिराग भी क्वार्टर फाइनल में

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी सियांग चिएह चियू और वांग ची-लिन को 32 मिनट में 21-13, 21-12 से हराया। सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस वर्ष दूसरी बार चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 में चियु और वांग को तीन गेम में हराया था। पहले गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा रहा। उन्होंने शुरूआत में 7-2 की बढ़त बना ली और फिर 15 मिनट से भी कम समय में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी उम्मीद के मुताबिक रहा और भारतीय जोड़ी शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रही।

# पीएसजी की अटलांटा पर बड़ी जीत, लिवरपूल और बायर्न म्यूनिख भी जीते



**नई दिल्ली।** गत चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार को बड़ी जीत दर्ज करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरूआत की जबकि लिवरपूल ने भी सत्र की अच्छी शुरूआत करते हुए अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया।

पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, 'ऐसा प्रदर्शन देखकर खुशी हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक खुश होंगे।' लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में हेडर से गोल करके एटलेटिको मैड्रिड पर 3-2 से जीत सुनिश्चित की। बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान ने क्रमशः चेल्सी और अजाक्स को हराया। बायर्न ने हैरी केन के दो गोल की मदद से चेल्सी को 3-1 से हरा दिया, जबकि इंटर की अजाक्स पर 2-0 की जीत में मार्कस थुरम ने दो गोल किए।

# 'मक्खन लगाया जाता था...', धोनी-पठान हुक्का विवाद में कूदे मनोज तिवारी, खोले कई नए राज



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट में टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम कल्चर को लेकर एक बार फिर से पुराना विवाद ताजा हो गया है। हाल ही में पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का एक पुराना बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें उन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि वह धोनी के कमरे में जाकर हुक्का नहीं लगाते थे और इस वजह से उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने धोनी के कथित 'हुक्का सेशंस' को लेकर बड़ा बयान दिया है। तिवारी ने भी खुलासा किया है कि उस दौर में कुछ खिलाड़ी धोनी के करीब होने के लिए उनके कमरे में होने वाले हुक्का सेशंस में शामिल होते थे।

### मनोज तिवारी का खुलासा

मनोज तिवारी ने एक स्पोर्ट्स वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'हमने खुद नजदीक से ये सब देखा है। ऐसे सेशंस होते थे जहां हुक्का लिया जाता था और वहां कुछ खिलाड़ी ही होते थे जो कप्तान के करीब थे। उस समय कुछ खिलाड़ी इतने स्मार्ट थे कि वे कप्तान को मक्खन लगाते थे ताकि कप्तान से मदद मिल सके।'

तिवारी ने साफ किया कि यह किसी पर थोपे जाने वाली चीज नहीं थी। तिवारी ने कहा, 'यह जरूरी नहीं था कि हर कोई वहां जाए। सिर्फ वही खिलाड़ी वहां जाते थे जिन्हें पता होता था कि कमरा हुक्के के लिए खुला है।'

### पठान ने हुक्का को लेकर कही थी यह बात

पठान ने 2012 में टीम से बाहर होने के लिए धोनी का नाम लिए बिना उन्हें जिम्मेदार ठहराते हुए कहा था, 'मुझे किसी के कमरे में हुक्का लगाने या बेवजह बातें करने की आदत नहीं है। सब जानते हैं। कई बार चुप रहना बेहतर होता है। मेरा काम मैदान पर प्रदर्शन करना था और मैंने वही किया।' पठान ने 2012 में आखिरी बार भारत के लिए खेला था। उस मैच में उन्होंने पांच विकेट भी लिए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। लंबे समय से यह सवाल उठता रहा है कि आखिर उन्हें बाहर क्यों किया गया।

### 'कप्तान का दरवाजा हमेशा खुला, लेकिन...'

तिवारी ने कहा कि धोनी का दरवाजा हमेशा सबके लिए खुला रहता था लेकिन ज्यादातर वही खिलाड़ी वहां जाते थे जो उनके करीब होते थे। तिवारी ने कहा, 'जो खिलाड़ी कप्तान के करीबी थे या समझदार थे, वही जानते थे कि दरवाजा सबके लिए खुला है।'

### इरफान पठान के बयान के बाद बढ़ा मामला

तिवारी का यह बयान उसी विवाद को हवा दे रहा है जो हाल ही में इरफान पठान ने उठाया था। पठान ने पांच साल पहले टीम इंडिया के हुक्का कल्चर का जिक्र करते हुए कहा था कि 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो किसी के कमरे में हुक्का लगाकर उसे खुश करने जाए।'

# नेपाल के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का एलान, अकील हुसैन को सौंपी गई कमान

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और नेपाल क्रिकेट टीम के बीच शारजाह में 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जानी है। 27 सितंबर से शुरू होने वाली इस सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। आईसीसी की वेबसाइट के मुताबिक, बॉलिंग ऑलराउंडर अकील हुसैन को टीम का कप्तान बनाया गया है। इस सीरीज के लिए कई प्रमुख गेंदबाजों को आराम दिया गया है।



### दिग्गजों को दिया गया आराम

इनमें नियमित कप्तान शाई होप, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स शामिल हैं। नेपाल के खिलाफ सीरीज में 5 प्लेयर्स इंटरनेशनल डेब्यू कर सकते हैं। इनमें बल्लेबाज अकीम ऑगस्टे, ऑलराउंडर नवीन बिदाईसी, स्पिनर जिशान मोटारा, तेज गेंदबाज रेमन सिमंड्स और विकेटकीपर आमिर जंगू शामिल हैं।

### विश्व कप की तैयारी में जुटी टीम

क्रिकेट वेस्टइंडीज के निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने कहा कि यह सीरीज टीम को अगले साल की शुरूआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप से पहले तैयारी का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, नेपाल के खिलाफ यह सीरीज वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए मददगार होगी। यह हमारी सीनियर मेंस टीम को एक उभरते हुए उत्साही देश के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करती है और साथ ही विभिन्न परिस्थितियों में अमूल्य मैच अनुभव भी प्रदान करती है।

बास्कोम्बे ने कहा, यह दौरा एक ऐसी टीम विकसित करने के हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दशार्ता है जो अनुकूलनशील, लचीली और वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार हो। वेस्टइंडीज क्रिकेट को नए क्षेत्रों में और नए विरोधियों के खिलाफ ले जाने से हमें खेल को आगे बढ़ाने, नए फैंस को प्रेरित करने और दुनिया भर में वेस्टइंडीज क्रिकेट के ब्रांड को मजबूत करने में भी मदद मिलती है।

### वेस्टइंडीज टीम इस प्रकार है

अकील हुसैन (कप्तान), फैबियन एलन, ज्वेल एंड्रयू, एकीम अगस्टे, नवीन बिडाइसे, जेडीया ब्लेड्स, कीसी कार्टी, करीमा गोर, जेसन होल्डर, अमीर जांगू, काइल मेयर्स, ओबेड मैककॉय, जिशान मोटारा, रेमन साइमंड्स, शमर स्प्रिंगर।

# पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत की फील्डिंग रही थी शानदार, कोच दिलीप ने बताया कारण

**दुबई।** दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेलना हमेशा से खिलाड़ियों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है, खासकर ऊंचे कैच पकड़ने के मामले में। भारतीय क्रिकेट टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने स्टेडियम में मौजूद खास फ्लडलाइट व्यवस्था के बारे में खुलासा किया और बताया कि यहां कैचिंग तकनीक में अतिरिक्त फोकस की जरूरत होती है।



### फ्लडलाइट्स का अलग सेटअप बड़ी चुनौती

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में फ्लडलाइट्स पारंपरिक स्टाइल की बजाय एक गोलाकार गुंबद (रिंग ऑफ फायर) पर लगी होती हैं। इस वजह से गेंद पर नजर बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। दिलीप ने बीसीसीआई द्वारा एक्स (पूर्व ट्विटर) पर शेयर किए गए वीडियो में कहा, 'दुबई स्टेडियम में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों में से एक यह है कि रोशनी थोड़ी अलग होती है। यह आग के वृत्त (रिंग ऑफ फायर) की तरह होती है जो मूल रूप से गुंबद में होती है न कि खंभों पर, जैसा कि हम आमतौर पर देखते हैं।'

### सीमा रेखा पर कैच सबसे मुश्किल

फील्डिंग कोच ने बताया कि ऐसी परिस्थितियों में सबसे कठिन काम बाउंड्री लाइन पर कैच पकड़ना होता है। उन्होंने कहा, 'इस तरह की परिस्थितियों में सबसे बड़ी चुनौती सीमा रेखा पर कैच लेने की होती है। ऐसे में आपको एक पल के लिए भी गेंद से नजर नहीं हटानी होती है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि खिलाड़ी उस विशेष क्षण में किस तरह सक्रिय होते हैं और वे उस विशेष गेंद पर किस तरह प्रतिक्रिया देते हैं।'

हैदराबाद के रहने वाले दिलीप, जो राहुल द्रविड़ के समय से भारतीय टीम का हिस्सा हैं, ने बताया कि खिलाड़ियों को लगातार सिखाया जाता है कि गेंद पर नजर बनाए रखना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा, 'हमें जीवन भर सिखाया गया है कि हमेशा गेंद पर नजर रखो। जैसे ही आप एक पल के लिए भी गेंद नहीं देख पाते तो आप घबरा जाते हैं। इसलिए, अभ्यास सत्रों में हम अलग-अलग तरीके से अभ्यास करने की कोशिश करते हैं। खिलाड़ियों को धीरे-धीरे एहसास होता है कि अगर आप तेज रोशनी में एक पल भी गंवा देते हैं तो फिर कैच लेने के लिए आपके पास बहुत कम समय बचता है।'

### टीम ने बना ली तालमेल

भारतीय टीम ने स्टेडियम की इन परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठा लिया है। लगातार अभ्यास और कैचिंग ड्रिल्स की मदद से खिलाड़ी इस चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। कोच का मानना है कि मानसिक मजबूती और फोकस बनाए रखना यहां सबसे अहम है।

# हैट्रिक बॉल पर चौका, 167 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग, श्रेयंका पाटिल ने अपनी टीम को सीपीएल चैंपियन बनाया






**गुयाना:** महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 खिताब बारबाडोस रॉयल्स ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में टीम की भिड़ंत गुयाना अमेजन वॉरियर्स से था। प्रोविडेंस स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में पहले खेलते हुए गुयाना ने 3 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में बारबाडोस आखिरी ओवर में 7 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम को 3 विकेट से जीत मिली। तीन टीमों की कई लीग का यह चौथा सीजन है और बारबाडोस ने खिताबी हैट्रिक लगा दी है।

### श्रेयंका पाटिल ने फिनिश किया मैच

बारबाडोस रॉयल्स को जीत के लिए आखिरी तीन ओवर में 28 रन चाहिए थे। अश्मिनी मुनीसर ने 18वें ओवर की पहली गेंद पर विकेट लिया। उन्होंने दूसरी गेंद पर भी शिकार कर लिया। रॉयल्स का स्कोर 7 विकेट पर 110 रन हो गया। यहां से टीम की हार पक्की दिख रही थी। फिर हैट्रिक गेंद का सामना करने के लिए भारत की श्रेयंका पाटिल उतरीं। उन्होंने आते ही थर्ड मैन पर चौका मार दिया। अगली गेंद पर उन्होंने डीप बैकवर्ड पॉइंट पर चौका लगाया। दोनों चौके उन्होंने रिवर्स स्वीप पर मारे।

रॉयल्स को आखिरी 14 गेंद पर 20 रन चाहिए थे। 19वें ओवर में श्रेयंका को सिर्फ एक गेंद मिला और उन्होंने सिंगल लिया। दूसरे छोर पर बैटिंग कर रहीं आलियाह एलेन ने छक्के के साथ चौका मारा। आखिरी ओवर में भी श्रेयंका पाटिल को एक गेंद मिली और उन्होंने एक रन लिया। आखिरी ओवर में भी श्रेयंका पाटिल को एक ही गेंद मिला और उन्होंने सिंगल ले लिया। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर एलेन ने एक रन लेकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। 6 गेंद पर श्रेयंका पाटिल के बल्ले से नाबाद 10 रन निकले।

### लंबे समय से चोटिल थी श्रेयंका

श्रेयंका पाटिल महिला प्रीमियर लीग 2025 में नहीं खेल पाई थीं। वह पिछले साल अक्टूबर से ही चोटिल चल रही थी। सीपीएल के साथ ही उन्होंने मैदान पर वापसी की। अब आते ही अपनी टीम को खिताब जीता दिया।